# अब तक 30 भैंसो के तबेले हटे

## जीपीओ रोड से हटाया स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण

प्रसारण न्यूज • रतलाम



नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु निगम नगर निगम एक्ट के विरूद्ध नगरीय सीमा क्षेत्र में संचालित भैंसो के तबेले व बाड़े हटाने के अभियान के तहत तबेले संचालकों को अपने तबेले स्वंय तोड़ने की समय सीमा समाप्त होने के बाद निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में 11 सितम्बर को 2 तबेलो को तोड़ा जाकर संबंधित से तोड़ने की राशि वसूली वहीं 2 तबेले मालिकों ने अपने तबेले स्वंय हटा लिये। इसके अलावा जीपीओ रोड से 10 कच्चे-पक्के अतिक्रमण व गुमटियां हटाई गई।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में 11 सितम्बर शनिवार को भैंसो के बाड़े व तबेले तोड़ने का कार्य प्रातः 10 बजे प्रारंभ किया गया जिसके तहत हमदेश प्रेस की गली में रूस्तम का तबेला, मारकुश कटारा के अरिहन्त परिसर स्थित तबेले को जेसीबी मशीन, गैंग आदि के माध्यम से हटाया गया। इसके अलावा मिशन कम्पाउण्ड में इकबाल घोसी व रहमत नगर में सैय्यद बरकत अली द्वारा अपने तबेले स्वंय हटा लिये गये। इस तरह नगर निगम द्वारा अब तक शहरी क्षेत्र से कुल 30 तबेलो को हटाया जा चुका है। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। तबेले तोड़ने की कार्यवाही के दौरान मारकुश कटारा अरिहन्त परिसर से 5000 व रूस्तम हमदेश प्रेस की गली से 2000 हजार की राशि तबेले तोड़ने हेतु वसूली।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि स्वच्छंद रूप से विचरण करने वाले मवेशी व उनके बाड़े व तबेलों शहर तो गंदा होता ही है साथ ही उत्पन्न गंदगी से मच्छर पैदा होते है जिससे नागरिकों को मच्छर जनित बीमारियों का सामना करना पड़ता है। वर्तमान में डेंगू के प्रकोप शहर में बढ़ता जा रहा है इस पर काबू पाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा संपूर्ण शहर में कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है साथ ही निगम एक्ट के विरूद्ध शहर में संचालित गाय, भैंस, सूअर व अन्य पशुओं के तबेले एवं बाड़े तोड़ने की कार्यवाही की जा रही है। मवेशी पालकों के अनुरोध पर उन्हे तीन दिवस का समय दिया गया है नियत समयावधि में मवेशी पालक द्वारा तबेले व बाड़े स्वंय नहीं हटाते है तो उन्हे नगर निगम द्वारा तोड़ा जाकर 15 हजार रूपये प्रतिधन्टा के मान से तोड़ने की राशि वसूल की जावेगी।

तबेले हटाने की कार्यवाही के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी विनय चौहान, किरण चौहान, पर्वत हाड़े, वार्ड दरोगा सहित निगम के स्वास्थ्य, लोक निर्माण विभाग अमले के साथ ही पुलिस प्रशासन उपस्थित था। प्रसारण

प्रसारण 12/9/21

# शहर के चार जोन में लार्वा सर्वे कार्य के लिए दल गठित

प्रसारण न्यूज • रतलाम

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कुमार पुरुषोत्तम ने डेंगू के प्रकरणों में हो रही वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए रतलाम शहरी क्षेत्र के 4 जोन में सर्वेलेंस कार्य करने के लिए दलों का गठन किया है। ये दल अपने-अपने क्षेत्र में तथा डेंगू पॉजिटिव मरीजों के क्षेत्र में लार्वा सर्वे का कार्य करेंगे और लार्वा की उत्पत्ति स्थलों को नष्ट करवाएंगे। इस अभियान के लिए एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गहलोत एवं नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

**दल जागरूकता अभियान के साथ डेंगू लार्वा उत्पत्ति स्थलों को नष्ट कराएंगे**

नियुक्त दल क्रमांक एक में नोडल अधिकारी जिला मलेरिया अधिकारी प्रमोद प्रजापति, सहायक नोडल अधिकारी उपायुक्त विकास सोलंकी एवं एसएफडब्ल्यू मलेरिया विभाग श्री सुरेश रघुवंशी होंगे। इस जोन में प्रभारी श्री पर्वत हाड़े एवं सात सहायक कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। दल क्रमांक 2 के नोडल अधिकारी तहसीलदार श्री गोपाल सोनी एवं सहायक नोडल अधिकारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह एवं सहायक मलेरिया अधिकारी एन.एस. वसुनिया होंगे। इस जोन के प्रभारी श्री किरण चौहान होंगे तथा 7 सहायक कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। दल क्रमांक 3 की नोडल अधिकारी नायब तहसीलदार सुश्री पूजा भाटी एवं सहायक अधिकारी सहायक यंत्री अरविंद दशोत्तर एवं सुनील दुबे होंगे। इस जोन के प्रभारी विनय चौहान रहेंगे तथा 7 से अधिक कर्मचारियों की नियुक्ति की गई। दल क्रमांक 4 के नोडल अधिकारी नायब तहसीलदार संतोष कुमार रावत रहेंगे। सहायक नोडल सहायक यंत्री एम.के. जैन एवं मलेरिया इंस्पेक्टर अशोक पवार रहेंगे। इस जोन के प्रभारी विराट मेहता रहेंगे। साथ ही सात सहायक कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। ये दल अपने-अपने क्षेत्र में प्रतिदिन डेंगू के ऐडीस लार्वा सर्वे का निरीक्षण कर लार्वा विनष्टीकरण की कार्रवाई करेंगे। लोगों को डेंगू बीमारी के प्रति समझाईश देकर जागरूक करेंगे, आवश्यकता होने पर चालानी कार्यवाही भी करेंगे। प्रतिदिन निर्धारित प्रपत्र में जानकारी नोडल अधिकारी को प्रेषित करेंगे।

प्रसारण।

प्रसारण 12/9/21

# ा डेंगू का दंश, जिले में अब तक 272 मरीज

## बड़ी संख्या में मरीज करवा रहे निजी अस्पताल में उपचार

भियान की तर्ज पर डेंगू अभियान चलाया जा रहा है। रकारी एवं निजी अस्पतालों में बड़ी संख्या में मरीज हुंच रहे है।

ले में जुलाई और अगस्त के महीने के दौरान 200 से धिक डेंगू के मरीज मिले थे। इसके बाद सितंबर के 10 नों में ही 72 मरीज सामने आ चुके हैं।मरीजों की स्तविक संख्या का आकलन जिला अस्पताल और




प्राइवेट अस्पतालों में भर्ती मरीजों की संख्या के आधार पर लगाया जा सकता है। स्वास्थ विभाग के सर्वे के दौरान गांव और शहर में बड़ी संख्या में वॉटर टैंकों में मच्छर के लार्वा मिले हैं। ग्रामीण क्षेत्र के अलावा शहरी क्षेत्र में भी डेंगू की रोकथाम के लिए नगर निगम द्वारा मलेरिया विभाग के साथ मिलकर लार्वा सर्च और चालानी कार्रवाई का अभियान चला रहा है। पत्रिका

## कलेक्टर ने बुलाई बैठक

शहर में लगातार बढ़ रहे डेंगू के मामलों की रोकथाम के लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सुबह स्वास्थ्य विभाग नगर निगम और जनप्रतिनिधियों की बैठक बुलाई है। इसमें क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य भी मौजूद रहेंगे। बैठक में रतलाम शहर में तेजी से फैल रहे डेंगू की रोकथाम के लिए किए जाने वाले कार्यों और शत प्रतिशत वैक्सीनेशन के लक्ष्य को पूर्ण करने पर निर्णय लिए जाएंगे।

दैनिक दुनिया 12/9/21

# मप्र में कोरोना के बाद डेंगू का कहर जारी

भोपाल, (आरएनएन)। प्रदेश में अभी कोरोना से पूरी तरह निजात भी नहीं मिल पाई थी कि डेंगू का कहर लोगों पर बरपा है। प्रदेश में पिछले 40 दिनों में डेंगू के दो हजार से ज्यादा मामले सामने आए है। जिसको लेकर सरकार भी खासी सजग हो गई है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी जिला अस्पतालों में 10 बेड का डेंगू का अतिरिक्त वार्ड बनाने के निर्देश भी दिए हैं।

## भोपाल चिकनगुनिया में सबसे आगे

मध्य प्रदेश में अब डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रदेश में बीते 40 दिनों में डेंगू के 2000 से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक 31 जुलाई तक प्रदेश में डेंगू के मामलों की संख्या 225 थी, जो 40 दिन में बढ़कर 2232 हो गई है। प्रदेश मे डेंगू का कहर देखते हुए सीएम शिवराज सिंह चौहान ने हर जिला अस्पताल में 10 बेड का अतिरिक्त डेंगू वार्ड बनाने के निर्देश भी दिए हैं।

**मंदसौर में 735 मरीज, राजधानी भोपाल में 150 पार-** मंदसौर में डेंगू के सबसे अधिक मामले आ रहे हैं। यहां प्रदेश के 33 फीसदी केस यानि 735 मरीज मिल चुके हैं। वहीं भोपाल में अब तक डेंगू के 161 मामले सामने आ चुके हैं।

राज एक्सप्रेस 12/9/21

# जिला प्रभारी मंत्री भदौरिया आज रतलाम में

रतलाम। प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री एवं रतलाम जिला प्रभारी मंत्री ओ.पी.एस. भदौरिया 12 सितंबर को प्रातः 7.30 बजे रतलाम आयेंगे। वे 12 सितंबर को प्रातः 10.30 बजे रॉयल लाउंज एवं व्हीकल कैफे तथा 11 बजे नवीन बाल चिकित्सालय वार्ड का शुभारम्भ करेंगे। 11.30 से 2 बजे तक शहर विधायक श्री चैतन्य काश्यप द्वारा आयोजित मेधावी छात्र-छात्राओं के प्रतिभा सम्मान समारोह में शिरकत करेंगे। दोपहर 2.00 बजे से 3 बजे तक दैनिक भास्कर द्वारा आयोजित कर्म योद्धा सम्मान समारोह में शामिल होंगे । दोपहर 3 से 4 तक न्यू आवासीय हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्वर्ण सागर आवासीय योजना बिबडौद में वृक्षारोपण करेंगे। दोपहर 4 बजे पूर्व मंत्री हिम्मत कोठारी से सौजन्य भेंट करेंगे। वे इसी दिन सायं 5 बजे रतलाम से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे। ५५/१०



प्रसारण 12/9/18

# अब स्वास्थ्य केंद्रों पर भी प्लेटलेट्स जांच की सुविधा मिलेगी

## डेंगू नियंत्रण के लिए जनप्रतिनिधियों, पूर्व पार्षदों के साथ बैठक में प्रशासन ने तय की रूपरेखा, जागरुकता पर दिया जोर

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले तथा रतलाम शहर में डेंगू नियंत्रण व कोविड-वैक्सीनेशन को लेकर शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विधायक व पूर्व पार्षदों के साथ चर्चा कर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कार्य योजना तय की। बैठक में बताया गया कि थोड़ी सी जागरूकता से डेंगू को रोका जा सकता है, लोग घरों के आसपास और अपने घरों में पानी का जमाव नहीं होने दें। जिले के सभी उप स्वास्थ्य केंद्र और सिविल अस्पतालों में भी प्लेटलेट्स जांच की जा सकेगी।

बैठक में कलेक्टर ने बताया कि जिला पूरे प्रदेश में वैक्सीनेशन में सातवें नंबर पर है। शहर में 95 व जिले में प्रथम डोज 85 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। डेंगू से बचाव के उपायों को लेकर जनजागृति जनप्रतिनिधि एवं पूर्व पार्षद अपने-अपने क्षेत्रों में निचले स्तर तक पहुंचाएं। शहर के वार्डों में जागरूकता संबंधी पैंफलेट घर-घर वितरण कराए जाएंगे।

**दो माह में आ जाएगी ब्लड एफरेसिस मशीन**

विधायक जावरा डा पांडे ने कहा कि बदले हुए स्वरूप में डेंगू से परेशानी हो रही है। लोगों का ज्यादा से ज्यादा टेस्ट कराया जाए, ओपीडी चेक करके देखा जाए कि किन स्थानों पर मरीजों की संख्या में कितनी बढ़ोतरी हो रही है। ब्लड से प्लेटलेट्स पृथक किए जाने के लिए एफरेसिस मशीन की सुविधा जिला अस्पताल में उपलब्ध कराई जाना चाहिए। बताया गया कि मशीन वर्ष 2016 में आई थी, लेकिन बाद में इंदौर एमवाय अस्पताल पहुंचा दी गई। रतलाम में मशीन आपरेट करने के लिए पैथोलाजिस्ट तथा लाइसेंस जरूरी है, जो वर्तमान में नहीं है। कलेक्टर ने कहा कि दो माह के भीतर लाइसेंस प्रक्रिया पूर्ण की जाकर मशीन रतलाम लाई जाएगी। विधायक डा पांडे ने कहा कि जावरा में भी

कि शहर के विभिन्न तालाबों में सफाई की व्यवस्था की जाना चाहिए। कृष्ण कुमार सोनी, प्रहलाद पटेल, नीलेश गांधी ने भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

**5.5 लाख बच्चों को घर-घर**




डेंगू की रोकथाम के लिए फागिंग करते हुए नगर निगम का अमला। • नईदुनिया

### शनिवार को एक भी मरीज नहीं मिला, अस्पतालों में भीड़, डेंगू से बचाव के लिए आज से जनजागरण अभियान

रतलाम। डेंगू के मरीज बढ़ने से जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है, लेकिन तमाम प्रयासों के बाद भी अभी नियंत्रण की स्थिति नहीं बन पा रही है। शनिवार को सात एलायजा रिपोर्ट में एक भी नया मरीज नहीं मिला। इधर निजी अस्पतालों में डेंगू के लक्षण वाले मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। गंभीर बात यह है कि बगैर बुखार व अन्य लक्षण के भी प्लेटलेट्स कम हो रहे हैं।

अब फागिंग, दवा छिड़काव के साथ अब जनजागरण के लिए भी योजना बनाई गई है। रविवार प्रात: 10 से 11 के बीच शहर के सभी नागरिक अपने घर मोहल्ले कार्यक्षेत्र में अभियान चलाकर गमले, पुराने टायर, सीमेंट की टंकी, कूलर आदि को खाली करके उनकी सफाई करेंगे और डेंगू के लार्वा पर प्रहार करेंगे।

जिला प्रशासन ने इस संबंध में नागरिकों से अपील की है कि नियंत्रण के लिए सभी मिलकर डेंगू को उसके अंडे और लार्वा को ही समाप्त कर दें। शनिवार को निगम के अमले ने भी वार्डों में घर-घर जाकर पुराने जमा पानी के कंटेनर, ड्रम खाली करवाए और लार्वा नष्टीकरण की समझाइश दी।

**शहर के चार जोन में लार्वा सर्वे के लिए दल गठित**

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने रतलाम शहरी क्षेत्र के 4 जोन में सर्विलेंस कार्य करने के लिए दलों का गठन किया है। इस अभियान के लिए एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत एवं नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झरिया को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। ये दल अपने-अपने क्षेत्र में प्रतिदिन डेंगू के एडीज लार्वा सर्वे का निरीक्षण कर लार्वा विनष्टीकरण कर आवश्यकता होने पर चालानी कार्रवाई भी करेंगे।

दल क्रमांक एक- नोडल अधिकारी जिला मलेरिया अधिकारी प्रमोद प्रजापति, सहायक नोडल अधिकारी उपायुक्त विकास सोलंकी एवं एसएफडब्ल्यू मलेरिया विभाग सुरेश रघुवंशी होंगे। दल में जोन मे प्रभारी पर्वत हाडे व सात सहायक कर्मचारी भी रहेंगे।

दल क्रमांक दो- नोडल अधिकारी तहसीलदार गोपाल सोनी एवं सहायक नोडल अधिकारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह एवं सहायक मलेरिया अधिकारी एनएस वसुनिया होंगे। जोन प्रभारी किरण चौहान व सात कर्मचारी भी शामिल।

दल क्रमांक तीन- नायब तहसीलदार पूजा भाटी एवं सहायक अधिकारी सहायक यंत्री अरविंद दशोत्तर एवं सुनील दुबे। जोन प्रभारी विनय चौहान के साथ 7 से अधिक कर्मचारियों की नियुक्ति।

दल क्रमांक चार- नोडल अधिकारी नायब तहसीलदार संतोष कुमार रत्नावत, सहायक नोडल सहायक यंत्री एमके जैन एवं मलेरिया इंस्पेक्टर अशोक पंवार रहेंगे। जोन के प्रभारी विराट मेहरा व सात सहायक कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है।

बच्चों को कृमिमुक्ति की दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

सीएमएचओ डा. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि बच्चों में कृमि संक्रमण के कारण खून की कमी, कुपोषण, कमजोरी, थकावट एवं बीमारियों की

अनमोल एप में दर्ज नहीं हो रही हैं। ऐसे में जब डिलेवरी होगी तो जननी सुरक्षा या अन्य योजना की प्रोत्साहन राशि महिलाओं को नहीं मिल पाएगी। एंट्री में गड़बड़ी के कारण पुराने साढ़े पांच हजार मामले लंबित हैं। अनमोल एप पर

लेकिन बाद में हड़ताल में जाने का निर्णय टल गया और बीस प्रतिशत एएनएम टैब वापस लेकर काम भी करने लगी हैं। औसतन हर महीने तीन हजार गर्भवती महिलाओं और ढाई हजार शिशुओं की एंट्री हो रही है।

### दिशा समिति की बैठक 22 सितंबर को

रतलाम। दिशा समिति (जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण कमेटी) की बैठक सांसद गुमानसिंह डामोर की अध्यक्षता में 22 सितंबर को प्रात: 11.30 बजे नवीन कलेक्टोरेट सभाकक्ष, रतलाम में आयोजित की गई है। बैठक में ग्रामीण विकास विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, दीनदयाल अन्त्योदय योजना, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, उद्योग विभाग, प्रधानमंत्री कौशल योजना, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग आदि विभागों की समीक्षा की जाएगी।

### सरकारी स्कूलों में कम हुई विद्यार्थियों की संख्या



स्कूलों का निरीक्षण करते हुए अपर संचालक ओएल मंडलोई। • नईदुनिया

**दौरा कार्यक्रम**

- राज्य शिक्षा केंद्र के अपर संचालक ने किया जिले के स्कूलों का निरीक्षण
- अपर संचालक ने नामांकन कम होने पर जताई चिंता

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले के सरकारी स्कूलों में नए प्रवेश कम होने से विद्यार्थियों की संख्या कम हो गई है। इस मामले को लेकर पिछले दो महीने से शिक्षा विभाग में गतिविधियां चल रही है। इसके बावजूद अभी तक एक की संख्या पिछले साल से कम है, जबकि हर साल संख्या बढ़ाने पर विभाग का जोर रहता है। नामांकन कम होने सहित आठ बिंदुओं पर प्रगति की समीक्षा करने भोपाल से अपर संचालक राज्य शिक्षा केंद्र ओएल मंडलोई ने दो दिन पहले जिले का दौरा किया और शिक्षा विभाग के अधिकारियों की क्लास ली।

निरीक्षण के दौरान अपर संचालक ने नामांकन कम होने पर चिंता जताई और कहा कि ऐसी स्थिति में शाला त्यागी बच्चों की संख्या बढ़ सकती है, जो ठीक नहीं है। अपर संचालक ने जिले की शासकीय माध्यमिक विद्यालय लोहारी जावरा, शासकीय हाई स्कूल एकीकृत 84 बड़ायला, शासकीय हाईस्कूल सोहनगढ़ एवं सुभाष माध्यमिक विद्यालय जावरा का निरीक्षण भी किया। इस दौरान विद्यार्थियों की उपस्थिति प्रयास वर्क बुक पर किए गए कार्य एवं राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे की जानकारी ली गई। निरीक्षण में जिला शिक्षा अधिकारी केसी शर्मा, जिला परियोजना समन्वयक एम एल सासरी तथा विकासखंड स्रोत समन्वयक जावरा एवं पिपलौदा उपस्थित थे। अपर संचालक ने जिला स्तर पर समस्त शिक्षकों एवं बीआरसी की बैठक उत्कृष्ट विद्यालय रतलाम में ली। बैठक में संचालक लोक शिक्षण आरके सिंह भी उपस्थित थे। यहां अपर संचालक ने आठ बिंदुओं पर आवश्यक तथा जिले की आठ बिंदुओं पर पूरे प्रदेश में स्थिति पर चर्चा की। बताया गया कि प्रदेश में रतलाम की स्थिति टाप-10 में नहीं है। विशेष रूप से कक्षा पांचवीं में विद्यार्थियों के प्रवेश, पाठ्य पुस्तकों के आनलाइन एंट्री तथा राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे पर विशेष रूप से चर्चा की गई।

जानकारी अपलोड नहीं होने से उनकी

" एक महीने से प्रापर एंट्री नहीं हो पा रही है। आगे समस्या तो

**सुभाष नगर ब्रिज** • रिवाइज एस्टीमेट को मंजूरी नहीं, सेतु विकास के अफसर भी नहीं करा पा रहे पास

# 9 करोड़ खर्च बढ़ने से काम बंद, 12 प्रभावितों का मुआवजा और बिजली की शिफ्टिंग बाकी

▪ सरकार से फंड मिलने के बाद शुरू होगा काम

भास्कर संवाददाता | रतलाम

हाट की चौकी को सीधे कॉमर्स कॉलेज से जोड़ने वाले सुभाष नगर रेलवे फाटक फ्लाईओवर का काम फिर बंद हो गया है। लेटलतीफी से चल रहे काम की वजह से लागत लगभग 8 से 9 करोड़ रुपए बढ़ गई है जो पहले 25 करोड़ थी, अब 34 करोड़ रुपए हो गई है। इतना ही नहीं रिवाइज एस्टीमेट को मंजूरी नहीं मिल पाई है। इस कारण 12 प्रभावितों को मुआवजा नहीं मिल पाया है। आपत्ति के बाद इनकी संपत्तियों की दोबारा नपती कर मुआवजा राशि की गणना की गई है। बड़ा काम बिजली के पोल और लाइन शिफ्टिंग का है। यही मकान और बिजली के पोल और लाइन काम में बाधा बन रहे हैं इसलिए लॉकडाउन में बंद रहने के बाद जून में शुरू हुआ ब्रिज निर्माण फिर ठप हो गया है। सेतु विकास निगम के अफसर भी एस्टीमेट स्वीकृत कराने के लिए भोपाल के चक्कर लगाकर थक चुके हैं। उनका कहना है कि फंड मिलने के बाद मुआवजा बंटने और बिजली लाइन शिफ्ट होने के बाद ही फ्लाईओवर तेजी से बन पाएगा।

## एक तो बारिश, दूसरे मकान और बिजली लाइन की वजह से आगे नहीं बढ़ पा रहा काम



बॉक्स बनाने के लिए शेटरिंग कर ठेकेदार ने काम बंद कर दिया है।



अधूरे काम की वजह से आसपास के मकानों के आगे पानी भर गया है।

## ...इसलिए बढ़ गई ब्रिज की लागत

- 108 प्रभावितों में से 12 परिवारों को अब तक मुआवजा नहीं मिला है। रिवाइज होने के बाद मुआवजा राशि में लगभग 45 लाख रुपए का इजाफा हो गया है, जिसकी स्वीकृति बाकी है। योजना के समय गणना 12.71 करोड़ की थी, अब 13.19 करोड़ बंटेंगे।
- बिजली लाइन शिफ्टिंग और नई लाइन और लाइट लगाने का खर्च बढ़कर 205 लाख हो गया है। डीपीआर बनी तब इसके लिए 38 लाख रुपए अनुमानित व्यय लिया गया था।
- सुभाष नगर और कॉमर्स कॉलेज की तरफ रहवासियों की आवाजाही के लिए तीन-तीन बॉक्स बनाए जा रहे हैं। पहले रिटेनिंग वॉल बनाकर सड़क बनाई जाना थी।
- स्लैब की संख्या बढ़ गई है।

## अधूरा काम, पानी भरे गड्ढे बने जानलेवा

ब्रिज का अधूरा निर्माण आसपास के दो हजार से ज्यादा रहवासियों के लिए मुसीबत बन गया है। हाट की चौकी से फाटक तक कीचड़ तो फैल ही रहा है। पिलर बनाने के लिए खोदे गहरे गड्ढों में बारिश का पानी भर गया है। इसमें मच्छर तो पनप ही रहे हैं, जानलेवा भी साबित हो सकते हैं। इस संबंध में रहवासी कई बार प्रशासन को शिकायत कर चुके हैं लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया।

**रेलवे का काम भी धीमा :** समपार फाटक से गुजर रही रेल लाइन के ऊपर का 72 मीटर का हिस्सा रेलवे का ठेकेदार बना रहा है। उसका काम भी धीमा है। पिलर तैयार हो चुके, स्लैब नहीं डल पाई है। इसी तरह काम चला तो ब्रिज निर्माण का काम बहुत पिछड़ जाएगा।

### रिवाइज एस्टीमेट की मंजूरी बाकी

मकान और बिजली के पोल व लाइन के कारण काम रुक गया है। मुआवजा राशि और बिजली शिफ्टिंग का खर्च बढ़ने से ब्रिज की टोटल कास्ट 25 करोड़ से बढ़कर लगभग 34 करोड़ पहुंच गई है। रिवाइज एस्टीमेट को सरकार से मंजूरी नहीं मिली है।

**आरके गुप्ता,** एसडीओ-सेतु विकास निगम

### काम धीमा

ब्रिज का काम बहुत धीमा चल रहा है। कुछ दिन पहले ही निर्माण शुरू हुआ था, उसे ठेकेदार ने फिर बंद कर दिया है। निर्माण सामग्री फैलने से कीचड़ हो गया है। गहरे खुदे गड्ढों में मच्छर पनप रहे हैं। वहीं गंभीर दुर्घटना भी हो सकती है।

**रवि वर्मा,** प्रभावित रहवासी

भास्कर

दै. भास्कर 12/9/21

## जनप्रतिनिधियों, पूर्व पार्षदों के साथ डेंगू नियंत्रण एवं वैक्सीनेशन पर महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

# थोड़ी सी जागरूकता रोक सकती है डेंगू को

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्लेटलेट्स जांच सुविधा उपलब्ध रहेगी



प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

जिले तथा रतलाम शहर में डेंगू नियंत्रण एवं कोविड-वैक्सीनेशन पर एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शनिवार को आयोजित की गई। उपस्थित विधायक गणों एवं पूर्व पार्षदों के साथ कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा विमर्श किया जा कर डेंगू नियंत्रण के लिए कार्य योजना बनाई गई बताया गया कि मात्र थोड़ी सी जागरूकता से डेंगू को रोका जा सकता है नियंत्रित रखा जा सकता है। बस लोग घरों के आसपास और अपने घरों में पानी का जमाव नहीं होने दे, जिले के प्रत्येक उप स्वास्थ्य केंद्र और सिविल अस्पतालों में भी प्लेटलेट्स जांच सुविधा सुनिश्चित की गई है।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में विधायक जांवरा डॉ राजेंद्र पांडे, विधायक रतलाम ग्रामीण दिलीप कुमार मकवाना, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षी सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, सिटी एसडीएम अभिषेक गहलोत, डिप्टी कलेक्टर सुश्री शिराली जैन, उपायुक्त नगर निगम विकास सोलंकी, सीएमएचओ डॉ प्रभाकर ननावरे, सिविल सर्जन डॉ आनंद चंदेलकर, गोविंद काकानी, अशोक पोरवाल, कृष्ण कुमार सोनी, सुश्री सीमा टॉक, तहसीलदार गोपाल सोनी, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक रतेश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल, इक्का बेलूत, भगत सिंह भदोरिया, राकेश परमार, मंगल लोढ़ा, रजनीकांत व्यास, शांतिलाल वर्मा, महेंद्र सिंह, करण वर्मा, सलीम मेव, नंदकिशोर पंवार, रवि वर्मा, नीलेश गांधी, जिला क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य आदि उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर द्वारा कोविड-19 वैक्सीनेशन पर भी चर्चा की गई कलेक्टर ने बताया कि रतलाम जिले में वैक्सीनेशन कार्य बेहतर ढंग से संचालित किया जा रहा है। जिला पूरे प्रदेश में वैक्सीनेशन के मामले में सातवें नंबर पर हैं। 2 माह पूर्व जिला 32 वे नंबर पर था रतलाम शहर में 95 प्रतिशत प्रथम डोज वैक्सीनेशन किया जा चुका है। जिले में प्रथम डोज 85 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है वोटर लिस्ट के मान से शीघ्र शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जाएगा। कोई भी व्यक्ति वैक्सीनेशन से छूटा हो तो उसकी जानकारी 1075 पर कॉल करके दी जा सकती है। मोबाइल दल उसके घर पहुंचकर प्रथम डोज वैक्सीन लगाएगा। डेंगू पर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि थोड़ी सी जागरूकता रखकर डेंगू से बचा जा सकता है। लोग अपने घर के आस-पास और घरों में जलजमाव नहीं होने दे यह जनजागृति जनप्रतिनिधि एवं पूर्व पार्षद अपने-अपने क्षेत्रों में निचले स्तर तक पहुंचाएं, डेंगू से बचाव के लिए जागरूकता सबसे बेहतर है।

इसलिए शहर के विभिन्न वार्डों में जागरूकता संबंधी पैंफलेट घर-घर वितरण कराए जाएंगे, उसके प्रमुख बिंदुओं को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पढ़कर सुनाएगी। विधायक जावरा डॉ राजेंद्र पांडे ने कहा कि बदले हुए स्वरूप में डेंगू से परेशानी हो रही है। अपेक्षाकृत अधिक लोगों को बुखार आ रहा है लोगों का ज्यादा से ज्यादा टेस्ट कराया जाए ओपीडी चेक करके देखा जाए कि किन स्थानों पर मरीजों की संख्या में कितनी बढ़ोतरी हो रही है। तहसील मुख्यालयों पर डेंगू जांच की सुविधा सुनिश्चित की जाए।

डॉ पांडे ने कहा कि डेंगू मरीजों को प्लेटलेट्स की जरूरत के दृष्टिगत ब्लड से प्लेटलेट्स प्रथक किए जाने के लिए एफरेसिस मशीन की सुविधा जिला चिकित्सालय में उपलब्ध कराई जाना चाहिए। बताया गया कि मशीन पूर्व में जिला चिकित्सालय में 2016 में आई थी परंतु बाद में मशीन इंदौर एमवाई चिकित्सालय पहुंचा दी गई अब रतलाम में मशीन ऑपरेट करने के लिए पैथोलॉजिस्ट तथा लाइसेंस का होना आवश्यक है जो वर्तमान में नहीं है।

डॉ पांडे ने कहा कि मशीन वापस रतलाम लाई जाए और लाइसेंस भी हासिल किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि 2 माह के भीतर लाइसेंस प्रक्रिया पूर्ण की जाकर मशीन रतलाम लाई जाएगी साथ ही पैथोलॉजिस्ट की भी व्यवस्था की जाएगी।

विधायक डॉ पांडे ने कहा कि जावरा में भी ब्लड बैंक की स्थापना का प्रयास किया जा रहा है। विधायक दिलीप मकवाना ने रतलाम ग्रामीण क्षेत्र में डेंगू के प्रकोप के दृष्टिगत नामली एवं धामनोद में चिकित्सक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए साथ ही दवाई छिड़काव, पर्याप्त मात्रा में दवाइयों की उपलब्धता एवं जांच सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

कलेक्टर ने बताया कि रतलाम शहर में डेंगू नियंत्रण के लिए चार दल विशेष रूप से गठित किए गए है। जो सर्वेक्षण करवाएगे घरों तथा आसपास में जलजमाव को हटवाने के लिए भी लोगों को जागरूक करेंगे, कंट्रोल रूम द्वारा भी सघन मॉनिटरिंग की जाएगी। जिला पंचायत सीईओ श्रीमती मीनाक्षी सिंह ने बताया कि सभी पंचायत सचिवों को निर्देश दिए है कि पंचायत मद से गांव में दवाई के छिड़काव के लिए बाजार से दवाई क्रय की जाए, आशा तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा गांव में सघन सर्वेक्षण किया जाएगा।

बैठक में गोविंद काकानी ने कहा कि जिला चिकित्सालय में एफरेसिस मशीन उपलब्धता के लिए समस्त प्रक्रियाएं शीघ्र पूर्ण करना होगी मानव सेवा समिति द्वारा मात्र रतलाम जिला ही नहीं बल्कि आसपास के जिलों तथा गुजरात एवं राजस्थान तक के रोगियों को प्लेटलेट्स उपलब्ध कराने के लिए कार्य किया जा रहा है। अशोक पोरवाल ने कहा कि शहर के विभिन्न तालाबों में सफाई की व्यवस्था की जाना चाहिए, सुश्री सीमा टाक ने फागिंग, जांच सुविधा तथा अन्य महत्वपूर्ण सुझाव डेंगू नियंत्रण के संबंध में दिए। उनके अलावा राकेश परमार, वहीद शैरानी, कृष्ण कुमार सोनी, प्रहलाद पटेल, रजनीकांत व्यास, नीलेश गांधी ने भी डेंगू की रोकथाम के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रभाकर ननावरे ने डेंगू नियंत्रण के संबंध में जानकारी दी। जिला मलेरिया अधिकारी डॉक्टर प्रमोद प्रजापति ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से डेंगू के लक्षण, रोकथाम, उपचार एवं कार्य योजना से अवगत कराया।

राज एक्सप्रेस 12/9/21

# बाल चिकित्सालय के बाहर से अतिक्रमण हटाया

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

जिला प्रशासन द्वारा शहर में अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाई जा रही है जिसको लेकर शहर के प्रमुख मार्गो के आसपास से अतिक्रमण हटाया जा रहा है। शनिवार को नगर-निगम सहित पुलिस प्रशासन की सयुंक्त टीम ने शहर सराय सहित बाल चिकित्सालय व एमसीएच के बाहर अवैध कब्जे करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश पर शनिवार सुबह कार्रवाई के दौरान टीम को बाल अस्पताल के समीप घुमक्कड प्रजाति की महिलाओं का आक्रोश सहना पडा। शहर सराय में सरकारी जमीन पर अवैध तबेला तोडने के दौरान भी गहमा-गहमी की स्थिति बनी रही। सुबह 11




बजे से दोपहर 2.30 बजे तक चली कार्रवाई के दौरान 6 से अधिक अवैध कब्जों को मुक्त कराया गया। कार्रवाई के दौरान उपयंत्री मनीष तिवारी सहित अमला बडी संख्या में मौजूद था। बता दे कि गुरुवार को कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम ने बाल चिकित्सालय का निरीक्षण किया था। इस दौरान निगम अधिकारियों को अस्पताल के बाहर से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। बाल चिकित्सालय को नए स्वरूप में तैयार किया है। सोमवार से इसकी शुरुआत प्रभारी मंत्री की उपस्थिति में होना है।

## लोगों ने घर तक बसा लिए

मालूम हो कि एमसीएच के बाहर अवैध रूप से गुमटियां व घुम्मड प्रजाति के लोगो ने घर तक बसा लिया था। अतिक्रमण के कारण अस्पताल भी नजर नही आता था। वहीं बाल चिकित्सालय के बाहर भी वाहन खडे रहने के अलावा गुमटियां भी लगी थी। जिन्हें हटाया गया। 217

# निगम ने चलाई अवैध निर्माण तथा अतिक्रमण हटाओ मुहिम









रतलाम ● स्वदेश समाचार

नगर निगम अमले ने पावर हाउस रोड एवं जीपीओ रोड पर से सभी अवैध अतिक्रमण तथा अवैध निर्माण हटाए, इसके साथ ही सभी क्षेत्रों में बचे हुए भैंसों और गायों के तबेलों को भी तोड़ा गया। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने इस संबंध में चेतावनी दी थी कि दी गई अवधि के पश्चात अतिक्रमण हटा ले, जब्त सामग्री राजसात की जाएगी एवं इन्हें पलसोड़ा वर्कशाप में सुरक्षित रखा जाएगा और बाद में नीलाम कर दिया जाएगा। अवैध तबेले, बाढ़े संचालन पर एफआईआर भी दर्ज होगी तथा अतिक्रमण हटाने पर नगर निगम की स्पॉट फाईन टीम द्वारा 15 हजार रुपए प्रति घंटे के मान से जुर्माना राशि वसूल की जाएगी।

स्वदेश

स्वदेश 11/9/21

# थोड़ी सी जागरूकता रोक सकती है डेंगू को

◆ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्लेटलेट्स जांच सुविधा उपलब्ध रहेगी ◆ जनप्रतिनिधियों, पूर्व पार्षदों के साथ डेंगू नियंत्रण एवं वैक्सीनेशन पर महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

**रतलाम। जिले तथा रतलाम शहर में डेंगू नियंत्रण एवं कोविड-वैक्सीनेशन पर एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शनिवार को आयोजित की गई। उपस्थित विधायक गणों एवं पूर्व पार्षदों के साथ कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा विमर्श किया जा कर डेंगू नियंत्रण के लिए कार्य योजना बनाई गई बताया गया कि मात्र थोड़ी सी जागरूकता से डेंगू को रोका जा सकता है नियंत्रित रखा जा सकता है। बस लोग घरों के आसपास और अपने घरों में पानी का जमाव नहीं होने दे, जिले के प्रत्येक उप स्वास्थ्य केंद्र और सिविल अस्पतालों में भी प्लेटलेट्स जांच सुविधा सुनिश्चित की गई है।**



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में विधायक जावरा डॉ राजेंद्र पांडे, विधायक रतलाम ग्रामीण दिलीप कुमार मकवाना, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षी सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, सिटी एसडीएम अभिषेक गहलोत, डिप्टी कलेक्टर सुश्री शिराली जैन, उपायुक्त नगर निगम विकास सोलंकी, सीएमएचओ डॉ प्रभाकर ननावरे, सिविल सर्जन डॉ आनंद चंदेलकर, गोविंद काकानी, अशोक पोरवाल, कृष्ण कुमार सोनी, सुश्री सीमा टॉक, तहसीलदार गोपाल सोनी, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय, प्रह्लाद पटेल, इक्का बेलूत, भगत सिंह भदोरिया, राकेश परमार, मंगल लोढ़ा, रजनीकांत व्यास, शांतिलाल वर्मा, महेंद्र सिंह, करण वर्मा, सलीम मेव, नंदकिशोर पंवार, रवि वर्मा, नीलेश गांधी, जिला क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य आदि उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर द्वारा कोविड-19 वैक्सीनेशन पर भी चर्चा की गई कलेक्टर ने बताया कि रतलाम जिले में वैक्सीनेशन कार्य बेहतर ढंग से संचालित किया जा रहा है। जिला पूरे प्रदेश में वैक्सीनेशन के मामले में सातवें नंबर पर हैं। 2 माह पूर्व जिला 32 वे नंबर पर था रतलाम शहर में 95 प्रतिशत प्रथम डोज वैक्सीनेशन किया जा चुका है। जिले में प्रथम डोज 85 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है वोटर लिस्ट के मान से शीघ्र शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जाएगा। कोई भी व्यक्ति वैक्सीनेशन से छूटा हो तो उसकी जानकारी 1075 पर कॉल करके दी जा सकती है। मोबाइल दल उसके घर पहुंचकर प्रथम डोज वैक्सीन लगाएगा। डेंगू पर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि थोड़ी सी जागरूकता रखकर डेंगू से बचा जा सकता है। लोग अपने घर के आस-पास और घरों में जलजमाव नहीं होने दे। यह जनजागृति जनप्रतिनिधि एवं पूर्व पार्षद अपने-अपने क्षेत्रों में निचले स्तर तक पहुंचाएं, डेंगू से बचाव के लिए जागरूकता सबसे बेहतर है।

इसलिए शहर के विभिन्न वार्डों में जागरूकता संबंधी पैंफलेट घर-घर वितरण कराए जाएंगे, उसके प्रमुख बिंदुओं को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पढ़कर सुनाएगी। विधायक जावरा डॉ राजेंद्र पांडे ने कहा कि बदले हुए स्वरूप में डेंगू से परेशानी हो रही है। अपेक्षाकृत अधिक लोगों को बुखार आ रहा है लोगों का ज्यादा से ज्यादा टेस्ट कराया जाए ओपीडी चेक करके देखा जाए कि किन स्थानों पर मरीजों की संख्या में कितनी बढ़ोतरी हो रही है। तहसील मुख्यालयों पर डेंगू जांच की सुविधा सुनिश्चित की जाए। डॉ पांडे ने कहा कि डेंगू मरीजों को प्लेटलेट्स की जरूरत के दृष्टिगत ब्लड से प्लेटलेट्स प्रथक किए जाने के लिए एफरेसिस मशीन की सुविधा जिला चिकित्सालय में उपलब्ध कराई जाना चाहिए। बताया गया कि मशीन पूर्व में जिला चिकित्सालय में 2016 में आई थी परंतु बाद में मशीन इंदौर एमवाई चिकित्सालय पहुंचा दी गई अब रतलाम में मशीन ऑपरेट करने के लिए पैथोलॉजिस्ट तथा लाइसेंस का होना आवश्यक है जो वर्तमान में नहीं है। डॉ पांडे ने कहा कि मशीन वापस रतलाम लाई जाए और लाइसेंस भी हासिल किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि 2 माह के भीतर लाइसेंस प्रक्रिया पूर्ण की जाकर मशीन रतलाम लाई जाएगी साथ ही पैथोलॉजिस्ट की भी व्यवस्था की जाएगी। विधायक डॉ पांडे ने कहा कि जावरा में भी ब्लड बैंक की स्थापना का प्रयास किया जा रहा है। विधायक दिलीप मकवाना ने रतलाम ग्रामीण क्षेत्र में डेंगू के प्रकोप के दृष्टिगत नामली एवं धामनोद में चिकित्सक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए साथ ही दवाई छिड़काव, पर्याप्त मात्रा में दवाइयों की उपलब्धता एवं जांच सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

कलेक्टर ने बताया कि रतलाम शहर में डेंगू नियंत्रण के लिए चार दल विशेष रूप से गठित किए गए है। जो सर्वेक्षण करवाएगी घरों तथा आसपास में जलजमाव को हटवाने के लिए भी लोगों को जागरूक करेंगे, कंट्रोल रूम द्वारा भी सघन मॉनिटरिंग की जाएगी। जिला पंचायत सीईओ श्रीमती मीनाक्षी सिंह ने बताया कि सभी पंचायत सचिवों को निर्देश दिए है कि पंचायत मद से गांव में दवाई के छिड़काव के लिए बाजार से दवाई क्रय की जाए, आशा तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा गांव में सघन सर्वेक्षण किया जाएगा।

बैठक में गोविंद काकानी ने कहा कि जिला चिकित्सालय में एफरेसिस मशीन उपलब्धता के लिए समस्त प्रक्रियाएं शीघ्र पूर्ण करना होगी मानव सेवा समिति द्वारा मात्र रतलाम जिला ही नहीं बल्कि आसपास के जिलों तथा गुजरात एवं राजस्थान तक के रोगियों को प्लेटलेट्स उपलब्ध कराने के लिए कार्य किया जा रहा है। अशोक पोरवाल ने कहा कि शहर के विभिन्न तालाबों में सफाई की व्यवस्था की जाना चाहिए, सुश्री सीमा टाक ने फागिंग, जांच सुविधा तथा अन्य महत्वपूर्ण सुझाव डेंगू नियंत्रण के संबंध में दिए। उनके अलावा राकेश परमार, वहीद शैरानी, कृष्ण कुमार सोनी, प्रह्लाद पटेल, रजनीकांत व्यास, नीलेश गांधी ने भी डेंगू की रोकथाम के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रभाकर ननावरे ने डेंगू नियंत्रण के संबंध में जानकारी दी। जिला मलेरिया अधिकारी डॉक्टर प्रमोद प्रजापति ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से डेंगू के लक्षण, रोकथाम, उपचार एवं कार्य योजना से अवगत कराया। इन्दौर

इन्दौर समाचार 12/9/21






# 26 सितम्बर तक हो प्रथम डोज का शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन

## 15 सितंबर को डेंगू के विरुद्ध विशेष अभियान, मुख्यमंत्री चौहान ने की कम वैक्सीन वाले जिलों और डेंगू प्रभावित जिलों की समीक्षा

**भोपाल • सिंघम रिपोर्टर**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में 26 सितम्बर तक प्रथम डोज का शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन पूर्ण किया जाए। सभी पात्र व्यक्तियों के टीकाकरण के लिए वोटर लिस्ट को आधार बनाया जाए। गांव तथा वार्डों से जो व्यक्ति रोजगार के सिलसिले में बाहर गए हैं उनकी जानकारी दर्ज कर शेष सभी व्यक्तियों को वैक्सीन की प्रथम डोज लगाना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि डेंगू से बचाव के उपायों की जानकारी जन-जन तक पहुँचाने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री चौहान स्वयं 15 सितम्बर को प्रातः 10 से 10-30 बजे के बीच डेंगू के विरूद्ध इस अभियान में फॉगिंग, लारवा नष्ट करने, जल जमाव को खाली करने जैसी डेंगू से बचाव और नियंत्रण संबंधी गतिविधियों में भाग लेंगे।

मुख्यमंत्री चौहान आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कम वैक्सीनेशन और डेंगू प्रभावित जिलों के कलेक्टरों से वर्चुअली चर्चा कर रहे थे। निवास पर आयोजित बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मोहम्मद सलमान तथा स्वास्थ्य आयुक्त आकाश त्रिपाठी उपस्थित थे।

### 17 जिलों के कलेक्टरों से पूछा कम टीकाकरण का कारण

मुख्यमंत्री चौहान ने 70 प्रतिशत से कम वैक्सीनेशन वाले जिलों सतना, श्योपुर, भिण्ड, धार, रीवा, सीधी, खरगौन मंडला, मुरैना, कटनी, बालाघाट, छिन्दवाड़ा, शिवपुरी, सिंगरोली, बड़वानी, अलीराजपुर और बैतूल के कलेक्टरों से टीकाकरण में कमी के कारणों पर चर्चा की। सतना कलेक्टर ने कहा कि टीके की डोज पर्याप्त है पर सिरींज कम मिल पाने के कारण टीकाकरण प्रभावित हुआ है। छिंदवाड़ा कलेक्टर ने बताया कि पोला, तीजा आदि त्यौहारों से टीकाकरण की गति प्रभावित हुई है। बैतूल कलेक्टर ने कहा कि त्यौहारों के साथ अधिक वर्षा ने टीकाकरण को प्रभावित किया है। साथ ही डेंगू तथा अन्य मौसमी बुखार के कारण कुछ प्रकरणों में टीकाकरण को लंबित किया गया है। मण्डला कलेक्टर ने बताया कि टीकाकरण अभियान को गति देने के लिए वन विभाग की टीमों को भी लगाया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में अब तक 75 प्रतिशत पात्र नागरिकों को प्रथम डोज तथा 17 प्रतिशत नागरिकों को वैक्सीन का द्वितीय डोज लग चुका है।

### डोज और सिरींज की समान उपलब्धता सुनिश्चित करें

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म-दिवस 17 सितंबर को पूरे प्रदेश में वैक्सीनेशन महाअभियान संचालित किया जाए। प्रयास यह हो कि प्रदेश के शत-प्रतिशत पात्र नागरिकों को वैक्सीन का प्रथम डोज 17 सितंबर को लग जाए। जो व्यक्ति शेष रहें उनका भी वैक्सीनेशन 26 सितंबर तक अनिवार्यतः सुनिश्चित किया जाए। दिव्यांग और वरिष्ठ जन का वैक्सीनेशन उनके घरों पर करने के लिए जिला कलेक्टर ग्राम और वार्ड स्तर तक आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें। सभी जिलों में आवश्यकतानुसार वैक्सीन उपलब्ध कराई जाए और वैक्सीन की डोज के अनुपात में ही जिलों को सिरींज प्राप्त हो। डोज और सिरींज की उपलब्धता के मिस मैच के कारण टीकाकरण प्रभावित नहीं होना चाहिए। प्रदेश में शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के अभियान में क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटियों और जन-प्रतिनिधियों को प्रत्येक स्तर पर जोड़ा जाए।

सिंघम - 11/9/21

# डेंगू : घर-घर सर्वे शुरू, अफसर और नेताओं ने मिलकर बनाई रणनीति

भास्कर संवाददाता | रतलाम

## उपस्वास्थ्य केंद्र व अस्पतालों में होगी प्लेटलेट्स जांच

कोरोना के बाद डेंगू ने पैर पसारना शुरू कर दिया है। अब जाकर सरकारी अमले ने ठोस कदम उठाना शुरू किए हैं। नगर निगम व मलेरिया विभाग का अमला घर-घर सर्वे करके डेंगू के लार्वा खोजकर नष्ट करने में जुट गया है। वहीं शुक्रवार को जिलेभर के नेताओं और अफसरों ने मिलकर डेंगू को रोकने के लिए रणनीति बनाई। 12 सितंबर को सुबह 10 से 11 बजे के बीच विशेष जन जागरण अभियान चलेगा। इसमें नागरिक पानी के स्त्रोत जैसे गमले, पुराने टायर, सीमेंट की टंकी, कूलर को खाली करके उनकी सफाई करेंगे।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में हुई मीटिंग में फैसला लिया गया कि जिले के प्रत्येक उपस्वास्थ्य केंद्र और सरकारी अस्पतालों में प्लेटलेट्स की जांच शुरू की जाएगी। लोग घर के आस-पास और घर में जल-जमाव नहीं करें इसके लिए क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करेंगे। जावरा विधायक डॉ. राजेंद्र पांडेय ने डेंगू मरीजों को प्लेटलेट्स की जरूरत के मद्देनजर एफरेसिस मशीन की सुविधा जिला चिकित्सालय में उपलब्ध कराने की बात कही। इस पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 2016 में मशीन आई थी, जो बाद में इंदौर एमवाय चिकित्सालय पहुंचा दी गई। इस पर डॉ. पांडे ने कहा दो माह में लाइसेंस हासिल करने और पैथोलॉजिस्ट की व्यवस्था करके मशीन वापस रतलाम लाई जाएगी।

**85% को लग चुका पहला डोज -** कोविड-19 वैक्सीनेशन के बारे में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि वैक्सीनेशन के मामले में जिला पूरे प्रदेश में सातवें नंबर पर है। रतलाम शहर में 95 प्रतिशत जबकि पूरे जिले में 85 प्रतिशत पहला डोज लग चुका है। भास्कर

दै. भास्कर 12/9/21

# किल कोरोना की तरह किल डेंगू अभियान में सभी जुट जाएं- झारिया

## घर-घर किया जाए सर्वे, साफ पानी कहीं भी एकत्रित न हो

रतलाम ● स्वदेश समाचार

कोरोना महामारी का कहर अभी थमा ही नहीं है। तीसरी लहर की चेतावनी दी जा रही है, ऐसे में डेंगू और वायरल फीवर रतलाम में तेजी से फैल रहा है। सरकारी और निजी अस्पतालों में मरीजों की भीड़ देखी जा सकती है। प्रदेश के विभिन्न इलाकों में डेंगू रोग के बढ़ते प्रभाव पर चिंता व्यक्त की है वहीं रतलाम और आसपास के क्षेत्रों में भी डेंगू रोग के रोकथाम के लिए प्रयास प्रारंभ कर दिए गए है।

निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने डेंगू की रोकथाम के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाकर निगम के अमले को सतर्क रहने तथा नागरिकों को जागरूक किए जाने हेतु घर-घर सर्वे किए जाने के निर्देश दिए है। निगम अमले की बैठक में अमले के साथ ही मलेरिया विभाग के अधिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति भी मौजूद थे।

श्री झारिया ने बताया कि डेंगू के मरीजों की संख्या में दिन प्रतिदिन इजाफा हो रहा है, जिस प्रकार किल कोरोना अभियान के तहत कोरोना पर काबू पाया था ठीक इसी प्रकार से हमें किल डेंगू अभियान चलाकर डेंगू पर काबू पाना है। उन्होंने निगम के स्वास्थ्य अधिकारी, झोन प्रभारी व वार्ड प्रभारियों को निर्देशित किया कि डेंगू के प्रति नागरिकों को जागरूक किए जाने के साथ ही घर-घर जाकर सर्वे किया जाए व लार्वा पाया जाने पर संबंधितों पर जुर्माने की कार्रवाई के साथ ही मलेरिया विभाग से संपर्क कर लार्वा को नष्ट किए जाने की कार्रवाई की जाए। स्वदेश

जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति ने बताया कि डेंगू का मच्छर 400 मीटर के दायरे में डेंगू की बीमारी फैला सकता है। यह मच्छर दिन के समय काटता है। इस अवसर पर उन्होंने डेंगू बीमारी के लक्षण, डेंगू की रोकथाम इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी से अवगत कराया। इस अवसर पर उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री सुहास पंडित, बी.एल. चौधरी, निज सहायक सुभाष गोयल, कार्यालय अधीक्षक रामचन्द्र शर्मा, झोन प्रभारी पर्वत हाड़े, किरण चौहान, विनय चौहान, विराट मेहरा सहित सभी वार्ड दरोगा उपस्थित थे।

स्वदेश 12/9/21

# प्रशासन ने माना रतलाम में फैल रहा डेंगू..!

**रतलाम, नप्र।** अब तो प्रशासन भी मान रहा है कि रतलाम डेंगू के मरीज़ों की तादात रोजाना बढ़ती जा रही है। डेंगू एडिस च्छर के काटने से होता है जो कि साफ रुके हुए पानी में पनपता इस मच्छर से प्रदेश के दो हजार से ज्यादा लोगों के बीमार ने का मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान को चलने के बाद प्रदेश कारी अमला भी एकाएक हरकत में आ गया है।

रतलाम में फैल रहे डेंगू की जानकारी मुख्यमंत्री शिवराजसिंह हान तक पहुंच चुकी है। डेंगू प्रकोप के संबंध में मुख्यमंत्री ने लाम कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से इस संबंध में बात भी की। दाद देना पड़ेगी रतलाम कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की न्होंने सीएम से बातचीत में ही दावे के साथ भरोसा दिलाया बहुत जल्द ही रतलाम जिले में डेंगू पर काबू पा लिया एगा। हालांकि मुख्यमंत्री ने साफतौर पर कहा कि कोशिश ऐसी कि सर्तकता और जागरूकता से ही डेंगू से बचाव हो इलाज नौबत ही नहीं आए। सीएम की इसी बात पर कलेक्टर एवं र निगम प्रशासन को बता दें कि शहर में नालियों की सफाई रोजाना होती है लेकिन महज ऊपरी तौर पर कचरा साफ कर आ जाता है। बाकी तो पूरे शहर की नालियां गाद और गंदगी से पड़ी होने से पानी भी जमा रहता है। नालियों तो ठीक शहर सड़कों और गलियों में ठीक से झाड़ू तक नहीं लग पा रही शहरसराय रोड की बात करें तो दो तीन महीने होने से सफाई क्षकों ने गलियों में जाना ही छोड़ दिया है जिसके चलते गंदगी पसारती जा रही है। शहर में सफाई तो ठीक सड़कों और नयों में रुके पानी को निकालने की कोशिश तक नहीं की जा है। पांच दिन से भी अधिक समय का पानी सड़कों और घरों आसपास तालाब के रूप में जमा है लेकिन उस पर किसी का ई ध्यान नहीं हैं यहां तक की लोग भी ध्यान नहीं दे रहे है।

हालांकि मुख्यमंत्री की इस समझाईश के बाद कलेक्टर के निर्देश पर निगम प्रशासन भी हरकत में आ गया। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति के साथ निगम अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, झोन प्रभारी व वार्ड प्रभारियों की बैठक ली, जिसमें डेंगू के प्रति नागरिकों को जागरूक करने तथा डेंगू के लार्वा को नष्ट करने के लिए घर-घर जाकर सर्वे करने को कहा। बैठक में निगम आयुक्त ने कहा कि डेंगू के मरीजों की संख्या में दिन प्रतिदिन इजाफा हो रहा है। जिस प्रकार किल कोरोना अभियान के तहत कोरोना पर काबू पाया था ठीक इसी प्रकार से हमें किल डेंगू अभियान चलाकर डेंगू पर काबू पाना है। उन्होंने निगम के स्वास्थ्य अधिकारी, झोन प्रभारी व वार्ड प्रभारियों को निर्देशित किया कि डेंगू के प्रति नागरिकों को जागरूक किए जाने के साथ ही घर-घर जाकर सर्वे किया जाए। निगम आयुक्त ने बताया कि डेंगू का लार्वा साफ रुके हुए पानी में पनपता है। इसके लिए ध्यान दें कि कहीं भी पांच दिन से अधिक समय का पानी रुका हुआ नहीं होना चाहिए। यदि कहीं पानी रुका है तो उसमें जला हुआ आईल डाला जाए ताकि डेंगू के लार्वा नष्ट हो सकें। उन्होंने यह भी कहा कि घरों- दुकानों में कहीं भी मटके, ड्रम, टायर, टब आदि में पानी जमा ना हो इसका सर्वे किया जाए।

जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति ने कहा कि किसी भी जगह या वस्तु में साफ रुका हुआ पानी ना हो इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए तभी डेंगू पर काबू पाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि डेंगू का मच्छर 400 मीटर के दायरे में डेंगू की बीमारी फैला सकता है। यह मच्छर दिन के समय काटता है। डॉ. प्रजापति ने डेंगू बीमारी के लक्षण, डेंगू की रोकथाम के बारे में भी जानकारी से अवगत कराया।

बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी.सिंह, उपयंत्री सुहास पंडित, बी.एल. चौधरी, निज सहायक सुभाष गोयल, कार्यालय अधीक्षक रामचन्द्र शर्मा, झोन प्रभारी पर्वत हाड़े, किरण चौहान, विनय चौहान, विराट मेहरा सहित सभी वार्ड दरोगा मौजूद रहे।

## डेंगू के कारणों की जड़ पर प्रहार जरूरी

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने वीडियो क्रांफ्रेस के जरिये कलेक्टरों से मुखातिब होते हुए कहा कि डेंगू होने के कारणों की जड़ पर प्रहार जरूरी है। डेंगू से बचाव के लिए अपनाई जाने वाली सावधानियां जैसे जलजमाव न होने, मच्छर का लार्वा नष्ट करने, साफ-सफाई रखने जैसी गतिविधियाँ जनता को साथ लेकर ही चलाई जा सकती हैं। जागरूकता और अवश्यक सावधानियों का पालन कर डेंगू से बचा जा सकता है।

## मच्छर का लार्वा मिले तो जुर्माना करें-आयुक्त

इधरट, नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने रतलाम में सर्वे करने वाली टीम को आगाह किया हैं कि कहीं पर भी अगर डेंगू मच्छर का लार्वा मिलता हैं तो संबंधित पर जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही इस संबंध में मलेरिया विभाग से संपर्क कर लार्वा को नष्ट किए जाने की कार्रवाई की जाए।

## काबू पाने के लिए बनेंगे चार दल

### आंगनवाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर पेम्पलेट पढ़कर सुनाएंगी

**रतलाम, नप्र।** रतलाम में डेंगू फैल रहा है, इस पर काबू पाने के लिए जनजागरूकता की खास जरूरत है।

यह बात कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कही। डेंगू नियंत्रण के लिए समीक्षा बैठक ले रहे कलेक्टर ने डेंगू से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करना जरूरी है इसके लिए पेम्पलेट जारी किया जाएगा। कलेक्टर ने तय किया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की जवाबदारी रहेगी कि घर-घर जाकर पेम्पलेट की जानकारी पढ़कर लोगों को सुनाएंगी।

डेंगू पर काबू पाने के लिए कलेक्टर ने शहर में चार दलों का करने को कहा जिसमें नगर निगम के अलावा राजस्व तथा मलेरिया विभाग के कर्मचारी शामिल रहेंगे। यह दल शहर में डेंगू पर लगाम लगाने के लिए लगातार काम करेंगे। जलजमाव हटाने, मच्छर पर रोक और फागिंग जैसे काम करवाने के साथ ही लोगों में जागरूकता भी लाएंगे। कलेक्टर ने साफतौर पर कहा कि ये जो चार दल बनाए जाएंगे उनका काम केवल डेंगू पर काबू पाना ही रहेगा, इसके अलावा उनको किसी दूसरे काम में नहीं लगाया जाएगा। हर दल को वाहन देने के निर्देश निगमायुक्त सोमनाथ झारिया को दिए। पंचायत सीईओ मीनाक्षीसिंह, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े और सीएमएचओ मौजूद रहे।

प्रभात किरण/ 11/9/21

कार्रवाई | दो भैंसों के तबेलों को तोड़ने की राशि वसूली

# जीपीओ रोड से हटाया स्थायी व अस्थायी अतिक्रमण

रतलाम। शहर को साफ-स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए नगर निगम एक्ट के विरुद्ध नगरीय सीमा क्षेत्र में संचालित भैंसों के तबेले व बाड़े हटाने के अभियान के तहत, तबेले संचालकों को अपने तबेले स्वयं तोड़ने की समय सीमा समाप्त होने के बाद शनिवार को दो तबेलों को तोड़कर संबंधितों से तोड़ने की राशि वसूली गई। दो तबेले मालिकों ने अपने तबेले स्वयं हटा लिए। इसके अलावा जीपीओ रोड से 10 कच्चे-पक्के अतिक्रमण व गुमटियां हटाई गई।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में शनिवार को भैंसों के बाड़े व तबेले तोड़ने का कार्य प्रातः 10 बजे प्रारंभ किया गया। इसके तहत हमदेश प्रेस की गली में रुस्तम का तबेला, मारकुश कटारा के अरिहंत परिसर स्थित तबेले को जेसीबी मशीन, गैंग आदि के माध्यम से हटाया गया। इसके अलावा मिशन कम्पाउंड में इकबाल घोसी व रहमत नगर में सैयद बरकत अली द्वारा अपने तबेले स्वयं हटा लिए गए। इस तरह नगर निगम द्वारा अब तक शहरी क्षेत्र से कुल 30 तबेलों को हटाया जा चुका है।

यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। तबेले तोड़ने की कार्रवाई के दौरान मारकुश कटारा अरिहंत परिसर से 5000 व रुस्तम हमदेश प्रेस की गली से 2000 हजार की राशि तबेले तोड़ने हेतु वसूली गई। कार्रवाई के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी विनय चौहान, किरण चौहान, पर्वत हाड़े, वार्ड दरोगा सहित निगम के स्वास्थ्य, लोक निर्माण विभाग अमले के साथ ही पुलिस प्रशासन उपस्थित था।




जीपीओ रोड से अतिक्रमण हटाते हुए नगर निगम का अमला। • नईदुनिया

नईदुनिया

नईदुनिया 12/9/21

# शहर में अतिक्रमण हटाने से बनेगी राह

70 वर्ष पूर्व रतलाम में चौड़ी सड़कें, खुशनुमा माहौल, साफ सफाई की पर्याप्त व्यवस्था थी। शहर की बसाहट भविष्य को देखते हुए की गई थी, लेकिन धीरे-धीरे शहर चौड़ी सड़कों से सिमट कर सकरें रास्तों में बदल गया है। हाल यह है कि जहां पहले यातायात सुगम था वह अब परेशानी भरा हो गया है। बाजार में वाहन लेकर निकलना मुश्किल हो रहा है। सफाई व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। शहर में न पार्किंग सुविधा हैं न सुविधाघर। नालियों की सफाई नहीं होने से गंदगी का साम्राज्य फैल रहा है। शहर जरूर फैल गया पर उसके हिसाब से संसाधन नहीं जुटा पाए हैं। 10 वर्षों में काम के भविष्य को देखते हुए शहर में जनभागीदारी को बढ़ावा देना होगा। पर्याप्त साधनों की व्यवस्था जरूरी हैं। बढ़ते अतिक्रमण पर रोक लगने से नई राह बन सकती हैं।



राधावल्लभ खंडेलवाल

**स्थापना दिवस विशेषांक कंटेंट टीम :-**

संकलन: सचिन त्रिवेदी, कंटेंट: सौरभ पाठक, आशीष पाठक, कमलसिंह, लक्ष्मणसिंह सोलंकी। पेज डिजाइन: मनीष पराले और मुकेश महावर। सभी फोटो: स्वदेश शर्मा, रतलाम। ह्य

पत्रिका

पत्रिका 12/9/21

# रचना हाउसिंग कॉलोनी में कॉलोनाईजर द्वारा किये गये विकास कार्यो का प्राक्कलन 15 सितम्बर तक प्रस्तुत करें

## निगम आयुक्त श्री झारिया ने विभाग प्रमुखों को दिये निर्देश

**रतलाम। भक्तन की बावड़ी महू रोड बस स्टैण्ड के पास रचना हाउसिंग कालोनी में कॉलोनाईजर द्वारा पूर्ण किये गये शेष विकास कार्यो का प्राक्कलन 15 सितम्बर तक प्रस्तुत किये जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने संबंधितों को निर्देशित किया है।**

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने आदेश जारी कर कार्यपालन यंत्री-कॉलोनी सेल, लोक निर्माण विभाग सुरेशचन्द्र व्यास, प्रभारी कार्यपालन यंत्री जलप्रदाय मोहम्मद हनीफ शेख, प्रभारी सहायक यंत्री विद्युत विभाग एम.के. जैन, प्रभारी सहायक यंत्री लोक निर्माण अनवर कुरेशी, उपयंत्री लोक निर्माण विभाग राजेन्द्र मिश्रा व उपयंत्री जलप्रदाय विभाग सुहास पंडित को उक्त कालोनी में विकास कार्य सीमेन्ट कांक्रीट रोड, पेवर ब्लॉक, सीवरेज पाइंप लाईन, बगीचा का आन्तरिक विकास मय खेल उपकरण, सेप्टिक टैंक, ट्यूबवेल, होवर हेड टैंक, सम्पवेल, पेयजल पाइंप लाईन कार्य आदि, इलेक्ट्रीक पोल, एलईडी स्ट्रीट लाईट, ट्रांसफार्मर आदि के समस्त आवश्यक कार्य कॉलोनाईजर द्वारा कौन-कौन से कितनी मात्रा में पूर्ण किये है कॉलोनी के अनुमोदित मानचित्र पर दर्शाये तथा शेष अधूरे कार्य साथ ही निगम में बंधक रखे गये भूखण्डो की वर्तमान भौतिक स्थिति कॉलोनी के अनुमोदित मानचित्र पर दर्शाकर विस्तृत प्राकलन 15 सितम्बर तक प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये। इन्दौर

इन्दौर समाचार 12/9/21

पूर्व पार्षदों के साथ चर्चा कर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कार्य योजना तय की। बैठक में बताया गया कि थोड़ी सी जागरूकता से डेंगू को रोका जा सकता है, लोग घरों के आसपास और अपने घरों में पानी का जमाव नहीं होने दें। जिले के सभी उप स्वास्थ्य केंद्र और सिविल अस्पतालों में भी प्लेटलेट्स जांच की जा सकेगी।

बैठक में कलेक्टर ने बताया कि जिला पूरे प्रदेश में वैक्सीनेशन में सातवें नंबर पर है। शहर में 95 व जिले में प्रथम डोज 85 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। डेंगू से बचाव के उपायों को लेकर जनजागृति जनप्रतिनिधि एवं पूर्व पार्षद अपने-अपने क्षेत्रों में निचले स्तर तक पहुंचाएं। शहर के वार्डों में जागरूकता संबंधी पैंफलेट घर-घर वितरण कराए जाएंगे।

**दो माह में आ जाएगी ब्लड एफरेसिस मशीन**

विधायक जावरा डा पांडे ने कहा कि बदले हुए स्वरूप में डेंगू से परेशानी हो रही है। लोगों का ज्यादा से ज्यादा टेस्ट कराया जाए, ओपीडी चेक करके देखा जाए कि किन स्थानों पर मरीजों की संख्या में कितनी बढ़ोतरी हो रही है। ब्लड से प्लेटलेट्स पृथक किए जाने के लिए एफरेसिस मशीन की सुविधा जिला अस्पताल में उपलब्ध कराई जाना चाहिए। बताया गया कि मशीन वर्ष 2016 में आई थी, लेकिन बाद में इंदौर एमवाय अस्पताल पहुंचा दी गई। रतलाम में मशीन आपरेट करने के लिए पैथोलाजिस्ट तथा लाइसेंस जरूरी है, जो वर्तमान में नहीं है। कलेक्टर ने कहा कि दो माह के भीतर लाइसेंस प्रक्रिया पूर्ण की जाकर मशीन रतलाम लाई जाएगी। विधायक डा पांडे ने कहा कि जावरा में भी ब्लड बैंक की स्थापना का प्रयास किया जा रहा है।

## तालाबों की सफाई हो गांवों में पहुंचे अमला

विधायक मकवाना ने रतलाम ग्रामीण क्षेत्र में डेंगू के प्रकोप के दृष्टिगत नामली एवं धामनोद में चिकित्सक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में गोविंद काकानी ने कहा कि जिला अस्पताल में एफरेसिस मशीन उपलब्धता के लिए समस्त प्रक्रियाएं शीघ्र पूर्ण करना होगी। अशोक पोरवाल ने कहा कि शहर के विभिन्न तालाबों में सफाई की व्यवस्था की जाना चाहिए। कृष्ण कुमार सोनी, प्रहलाद पटेल, नीलेश गांधी ने भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए।



डेंगू की रोकथाम के लिए फागिंग करते हुए नगर निगम का अमला। ● नईदुनिया

# शनिवार को एक भी मरीज नहीं मिला, अस्पतालों में भीड़, डेंगू से बचाव के लिए आज से जनजागरण अभियान

**रतलाम।** डेंगू के मरीज बढ़ने से जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है, लेकिन तमाम प्रयासों के बाद भी अभी नियंत्रण की स्थिति नहीं बन पा रही है। शनिवार को सात एलायजा रिपोर्ट में एक भी नया मरीज नहीं मिला। इधर निजी अस्पतालों में डेंगू के लक्षण वाले मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। गंभीर बात यह है कि बगैर बुखार व अन्य लक्षण के भी प्लेटलेट्स कम हो रहे हैं। अब फागिंग, दवा छिड़काव के साथ अब जनजागरण के लिए भी योजना बनाई गई है। रविवार प्रातः 10 से 11 के बीच शहर के सभी नागरिक अपने घर मोहल्ले कार्यक्षेत्र में अभियान चलाकर गमले, पुराने टायर, सीमेंट की टंकी, कूलर आदि को खाली करके उनकी सफाई करेंगे और डेंगू के लार्वा पर प्रहार करेंगे।

जिला प्रशासन ने इस संबंध में नागरिकों से अपील की है कि नियंत्रण के लिए सभी मिलकर डेंगू को उसके अंडे और लार्वा को ही समाप्त कर दें। शनिवार को निगम के अमले ने भी वार्डों में घर-घर जाकर पुराने जमा पानी के कंटेनर, ड्रम खाली करवाए और लार्वा नष्टीकरण की समझाइश दी।

**शहर के चार जोन में लार्वा सर्वे के लिए दल गठित**

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने रतलाम शहरी क्षेत्र के 4 जोन में सर्विलेंस कार्य करने के लिए दलों का गठन किया है। इस अभियान के लिए एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत एवं नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झरिया को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। ये दल अपने-अपने क्षेत्र में प्रतिदिन डेंगू के एडीज लार्वा सर्वे का निरीक्षण कर लार्वा विनष्टीकरण कर आवश्यकता होने पर चालानी कार्रवाई भी करेंगे।

दल क्रमांक एक- नोडल अधिकारी जिला मलेरिया अधिकारी प्रमोद प्रजापति, सहायक नोडल अधिकारी उपायुक्त विकास सोलंकी एवं एसएफडब्ल्यू मलेरिया विभाग सुरेश रघुवंशी होंगे। दल में जोन में प्रभारी पर्वत हाडे व सात सहायक कर्मचारी भी रहेंगे।

दल क्रमांक दो- नोडल अधिकारी तहसीलदार [illegible] एवं सहायक नोडल अधिकारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह एवं सहायक मलेरिया अधिकारी एनएस वसुनिया होंगे। जोन प्रभारी किरण चौहान व सात कर्मचारी भी शामिल।

दल क्रमांक तीन- नायब तहसीलदार पूजा भाटी एवं सहायक अधिकारी सहायक यंत्री अरविंद दशोत्तर एवं सुनील दुबे। जोन प्रभारी विनय चौहान के साथ 7 से अधिक कर्मचारियों की नियुक्ति।

दल क्रमांक चार- नोडल अधिकारी नायब तहसीलदार संतोष कुमार रत्नावत, सहायक नोडल सहायक यंत्री एसके जैन एवं मलेरिया इंस्पेक्टर अशोक पंवार रहेंगे। जोन के प्रभारी विराट मेहरा व सात सहायक कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है।

## बैठक 22 सितंबर को

**रतलाम।** दिशा समिति (जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण कमेटी) की बैठक सांसद गुमानसिंह डामोर की अध्यक्षता में 22 सितंबर को प्रातः 11.30 बजे नवीन कलेक्टोरेट सभाकक्ष, रतलाम में आयोजित की गई है। बैठक में ग्रामीण विकास विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, दीनदयाल अन्त्योदय योजना, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, उद्योग विभाग, प्रधानमंत्री कौशल योजना, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग आदि विभागों की समीक्षा की जाएगी।



स्कूलों का निरीक्षण करते हुए अपर संचालक ओएल मंडलोई। ● नईदुनिया

**दौरा कार्यक्रम**

- राज्य शिक्षा केंद्र के अपर संचालक ने किया जिले के स्कूलों का निरीक्षण
- अपर संचालक ने नामांकन कम होने पर जताई चिंता

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** जिले के सरकारी स्कूलों में नए प्रवेश कम होने से विद्यार्थियों की संख्या कम हो गई है। इस मामले को लेकर पिछले दो महीने से शिक्षा विभाग में गतिविधियां चल रही हैं। इसके बावजूद अभी तक एक की संख्या पिछले साल से कम है, जबकि हर साल संख्या बढ़ाने पर विभाग का जोर रहता है। नामांकन कम होने सहित आठ बिंदुओं पर प्रगति की समीक्षा करने भोपाल से अपर संचालक राज्य शिक्षा केंद्र ओएल मंडलोई ने दो दिन पहले जिले का दौरा किया और शिक्षा विभाग के अधिकारियों की क्लास ली।

निरीक्षण के दौरान अपर संचालक ने नामांकन कम होने पर चिंता जताई और कहा कि ऐसी स्थिति में शाला त्यागी बच्चों की संख्या बढ़ सकती है, जो ठीक नहीं है। अपर संचालक ने जिले की शासकीय माध्यमिक विद्यालय लोहारी जावरा, शासकीय हाई स्कूल एकीकृत 84 बड़ायला, शासकीय हाईस्कूल सोहनगढ़ एवं सुभाष माध्यमिक विद्यालय जावरा का निरीक्षण भी किया। इस दौरान विद्यार्थियों की उपस्थिति प्रयास वर्क बुक पर किए गए कार्य एवं राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे की जानकारी ली गई। निरीक्षण में जिला शिक्षा अधिकारी केसी शर्मा, जिला परियोजना समन्वयक एमएल सासरी तथा विकासखंड स्रोत समन्वयक जावरा एवं पिपलौदा उपस्थित थे। अपर संचालक ने जिला स्तर पर समस्त शिक्षकों एवं बीआरसी की बैठक उत्कृष्ट विद्यालय रतलाम में ली। बैठक में संचालक लोक शिक्षण आरके सिंह भी उपस्थित थे। यहां अपर संचालक ने आठ बिंदुओं पर आवश्यक तथा जिले की आठ बिंदुओं पर पूरे प्रदेश में स्थिति पर चर्चा की। बताया गया कि प्रदेश में रतलाम की स्थिति टाप-10 में नहीं है। विशेष रूप से कक्षा पांचवीं में विद्यार्थियों के प्रवेश, पाठ्य पुस्तकों के आनलाइन एंट्री तथा राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे पर विशेष रूप से चर्चा की गई।

## 5.5 लाख बच्चों को घर-घर जाकर खिलाएंगे एल्बेंडाजोल

**रतलाम।** जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत एक वर्ष से 19 वर्ष की आयु समूह के बच्चे एवं किशोरी बालक बालिकाओं को गृह भ्रमण के द्वारा मैदानी कार्यकर्ता जैसे आशा, आंगनवाडी कार्यकर्ता, एएनएम और आशा सहयोगिनी द्वारा 13 से 23 सितंबर तक कोविड के सारे सुरक्षा उपायों का पालन करते हुए एल्बेंडाजोल की टेबलेट खिलाई जाएगी। रतलाम जिले में लगभग साढे पांच लाख से अधिक बच्चों को कृमिमुक्ति की दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

सीएमएचओ डा. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि बच्चों में कृमि संक्रमण के कारण खून की कमी, कुपोषण, कमजोरी, थकावट एवं बीमारियों की आशंका रहती है। जिला टीकाकरण अधिकारी डा. वर्षा कुरील ने बताया कि कृमि संक्रमण से बचने के लिए नाखून साफ एवं छोटे रखें, हमेशा साफ पानी पीयें। अपने हाथ साबुन से धोएं, विशेषकर खाना खाने से पहले और शौच जाने के बाद।

## एक माह से अनमोल एप पर नहीं हो रही एंट्री

**रतलाम।** जिले में गर्भवती महिलाओं और उनके शिशुओं की जानकारी अनमोल एप में दर्ज नहीं हो रही है। ऐसे में जब डिलेवरी होगी तो जननी सुरक्षा या अन्य योजना की प्रोत्साहन राशि महिलाओं को नहीं मिल पाएगी। एंट्री में गड़बड़ी के कारण पुराने साढ़े पांच हजार मामले लंबित हैं। अनमोल एप पर नियमित जानकारी दर्ज नहीं हो पाई तो यह संख्या बढ़ती जाएगी।

दरअसल बहुउद्देशीय महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता (एएनएम) अनमोल एप पर काम नहीं कर रही हैं। करीब 220 एएनएम ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिया गया टेबलेट (जिस पर जानकारी दर्ज की जाती है) सात अगस्त को विभाग को वापस लौटा दिया है। उसके बाद से एंट्री बंद हो गई है। अनमोल एप में इंट्री बंद करने सहित अन्य मांगों को लेकर एएनएम ने हड़ताल [illegible] लेकिन बाद में हड़ताल में जाने का निर्णय टल गया और बीस प्रतिशत एएनएम टैब वापस लेकर काम भी करने लगी हैं। औसतन हर महीने तीन हजार गर्भवती महिलाओं और ढाई हजार शिशुओं की एंट्री हो रही है।

**इस समय मानीटरिंग नहीं हो पा रही**

नेशनल हेल्थ मिशन मध्य प्रदेश ने गर्भवती और बच्चों की निगरानी के लिए सुमन हेल्प डेस्क शुरू किया है। इसके तहत प्रदेश की गर्भवती और बच्चों की मानीटरिंग होती है। जिससे की उनको किसी प्रकार के जोखिम का पहले ही पता लगाया जा सके। एएनएम की तरफ से दर्ज जानकारी के आधार पर ही गर्भवती महिलाओं के [illegible] जानकारी अपलोड नहीं होने से उनकी मानीटरिंग नहीं हो पा रही है। अनमोल एप काम नहीं करने वाली एएनएम की दो वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश भी विभागीय स्तर पर जारी हो गए और प्रोत्साहन राशि बंद कर दी गई है। इसके बावजूद अस्सी प्रतिशत एएनएम एप पर काम नहीं कर रही हैं।

**ट्रेनिंग तक नहीं दी, कार्रवाई कर रहे**

बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का कहना है कि विभाग की तरफ से एएनएम को टेबलेट दिए गए हैं। बार-बार एप का फार्मेट बदल दिया जा रहा है। विभाग के अफसर पूरी जानकारी फिर से दर्ज करने का दबाव बनाते हैं और कार्रवाई भी कर रहे हैं, जबकि एप को चलाने की ट्रेनिंग भी नहीं दी गई है।

> एक महीने से प्रापर एंट्री नहीं हो पा रही है। आगे समस्या तो होगी क्योंकि अनमोल एप पर एंट्री के बाद ही अब प्रोत्साहन राशि मिलती है। एएनएम ने तकनीकी समस्या बताकर टैबलेट जमा करा दिया है। लंबित एंट्री लगातार बढ़ रही है।
>
> - डा. अजहर अली, डीपीएम, जिला रतलाम

# घर घर टीकाकरण अभियान में सहयोग करें : काकानी

सिंघम रिपोर्टर □ रतलाम



जिला आपदा प्रबंधन समिति टीकाकरण अभियान बैठक में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के मार्गदर्शन में सभी सम्मानीय जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन अधिकारीयो ने संयुक्त निर्णय में कोई भी व्यक्ति ना छूटे इस हेतु वंचित रहे असहाय नागरिकों को घर घर जाकर टीकाकरण अभियान विगत कई दिनों से शुरू किया है। इसी अभियान के तहत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, असहाय, वृद्धजन, बीमार रोगियों, पति की मृत्यु के कारण घर से नहीं निकलने वाली महिलाएं सहित वे नागरिक जो टीकाकरण केंद्र तक नहीं पहुंच सकते हैं टीकाकरण किया जा रहा है।

जिला टीकाकरण प्रभारी एवं पूर्व क्षेत्रीय पार्षद शास्त्री नगर गोविंद काकानी ने जानकारी देते हुए बताया कि देवेंद्र कपूर उम्र 55 वर्ष दिव्यांग एवं श्रीमती संतोष खन्ना उम्र 77 वर्ष निवासी राजपूत बोर्डिंग को प्रेरित कर प्रथम टीकाकरण करवाया गया। टीकाकरण करने टीकाकरण प्रभारी लोकेश वैष्णव, स्टाफ नर्स आरती राठौर को लेकर उनके घर गए और टीकाकरण कराया। काकानी ने बताया कि अब तक ऐसे 200 से ज्यादा नागरिकों को प्रशासन एवं टीम के सहयोग से घर जाकर टीका लगाया जा चुका है।

सिंघम 11

सिंघम - 11/9/21

बच्चों के बेड और दवाइयों का इंतजाम करें, वैक्सीनेशन पर दिया जोर

# कोरोना की तीसरी लहर से पहले पीएम की समीक्षा



## पीएम मोदी ने की बैठक, बोले- ऑक्सीजन सप्लाई तेजी से बढ़ाएं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में कोरोना के हालात और वैक्सीनेशन को लेकर हाई लेवल मीटिंग की है। मीटिंग में प्रधानमंत्री ने कोरोना की तीसरी लहर के खतरे को देखते हुए देशभर में ऑक्सीजन की सप्लाई को तेजी से बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने राज्यों से दवाइयों का बफर स्टॉक रखने को भी कहा। मोदी ने तीसरी लहर में बच्चों पर असर की आशंका को देखते हुए देशभर के अस्पतालों में बच्चों के लिए पर्याप्त बेड तैयार रखने के निर्देश दिए। उन्होंने राज्यों से स्वास्थ्य सुविधाओं के बुनियादी ढांचे को फिर से डिजाइन करने को कहा। साथ ही ब्लैक फंगस के इलाज की दवाइयां भी तैयार रखने को कहा। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑक्सीजन सप्लाई बढ़ाने के लिए ऑक्सीजन कंसंट्रेटर्स, ऑक्सीजन सिलेंडर और प्लांट की संख्या तेजी से बढ़ाई जाए। अभी देशभर में 961 लिक्विड मेडिकल स्टोरेज टैंक और 1450 मेडिकल गैस पाइपलाइन सिस्टम लगाए जा रहे हैं। हर जिले में ऑक्सीजन की कम से कम एक यूनिट लगाने का टारगेट रखा गया है।

प्रधानमंत्री ने देशभर में ऑक्सीजन प्लांट्स लगाने के काम की समीक्षा भी की। उन्होंने बताया कि अब तक राज्यों को एक लाख ऑक्सीजन कॉन्सन्ट्रेटर और 3 लाख ऑक्सीजन सिलेंडर दिए जा चुके हैं। एंबुलेंस नेटवर्क का विस्तार किया जा रहा है, ताकि हर ब्लॉक में कम से कम एक एंबुलेंस उपलब्ध हो सके। मीटिंग में मोदी ने कहा कि वायरस के नए म्यूटेंट की पहचान के लिए जीनोम सीक्वेंसिंग का काम लगातार किया जाना चाहिए। अफसरों ने मोदी को बताया कि देश के 433 जिलों में आरटी-पीसीआर लैब बनाने के लिए केंद्र से मदद दी जा रही है। इससे टेस्टिंग में तेजी आ सकेगी। प्रसारण

प्रसारण 12/9/21

# कॉलोनाईजर द्वारा किए गए विकास कार्यों का प्राक्कलन 15 तक प्रस्तुत करें

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

भक्तन की बावड़ी महू रोड बस स्टैण्ड के पास रचना हाउसिंग कालोनी में कॉलोनाईजर द्वारा पूर्ण किये गये शेष विकास कार्यों का प्राक्कलन 15 सितम्बर तक प्रस्तुत किये जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने संबंधितों को निर्देशित किया है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने आदेश जारी कर कार्यपालन यंत्री कॉलोनी सेल, लोक निर्माण विभाग सुरेशचन्द्र व्यास, प्रभारी कार्यपालन यंत्री जलप्रदाय मोहम्मद हनीफ शेख, प्रभारी सहायक यंत्री विद्युत विभाग एम.के. जैन, प्रभारी सहायक यंत्री लोक निर्माण अनवर कुरेशी, उपयंत्री लोक निर्माण विभाग राजेन्द्र मिश्रा व उपयंत्री जलप्रदाय विभाग सुहास पंडित को उक्त कालोनी में विकास कार्य सीमेन्ट कांक्रीट रोड, पेवर ब्लॉक, सीवरेज पाईप लाईन, बगीचा का आन्तरिक विकास मय खेल उपकरण, सेप्टिक टैंक, ट्यूबवेल, होव्हर हेड टैंक, सम्पवेल, पेयजल पाईप लाईन कार्य आदि, इलेक्ट्रीक पोल, एलईडी स्ट्रीट लाईट, ट्रांसफार्मर आदि के समस्त आवश्यक कार्य कॉलोनाईजर द्वारा कौन-कौन से कितनी मात्रा में पूर्ण किये है कॉलोनी के अनुमोदित मानचित्र पर दर्शाये तथा शेष अधूरे कार्य साथ ही निगम में बंधक रखे गये भूखण्डो की वर्तमान भौतिक स्थिति कॉलोनी के अनुमोदित मानचित्र पर दर्शाकर विस्तृत प्राक्कलन 15 सितम्बर तक प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दियें।

प्रसारण 12/9/21

### सफर लंबा, नहीं है थमना

# आज ही कल की बनाएंगे सोच तो हर बदलाव प्रेरणा बनता जाएगा

*हर शहर की अपनी विशेषता, महत्व और जरूरत होती है। रतलाम के लिए भी यह पैमाना है, आज कई स्तरों पर हमें अपनी आगे बढ़ने की गति को बढ़ाना है, बस, सफर लंबा है, थमना नहीं है।*

**सड़क**

## वाहन बढ़ेंगे, नई सड़कें जरूरी

शहर तेजी से फैल रहा है, कभी महलवाड़ा के परकोटे तक सीमित रहे शहर की सीमाएं आज कई किलोमीटर तक आगे बढ़ गई है। आबादी के साथ उपभोग की दर बढ़ रही है। वाहनों का दबाव भी बढ़ता जा रहा है, इसके निपटने के लिए शहर में लंबे समय तक चलने वाली और सड़कों की दरकार है।

**शिक्षा**

## नए पाठ्यक्रम, नए महाविद्यालय

शिक्षा के स्तर पर रतलाम शहर आज भी बड़े शहरों की अपेक्षा ज्यादा रफ्तार नहीं पकड़ पा रहा, हालांकि मेडिकल कॉलेज ने कुछ अंतर पाटा है, लेकिन आज भी सरकारी इंजीनियरिंग और कृषि जैसे कॉलेज की जरूरत है। निजी संस्थान हैं, नए पाठ्यक्रमों की पहुंच हर विद्यार्थी तक नहीं हो पा रही।

**स्वास्थ्य**

## सिटी अस्पताल कम करेगा दबाव

शहर में फिलहाल एक मेडिकल कॉलेज के साथ शासकीय स्तर पर जिला अस्पताल ही सुविधा वाला है, कोरोना के दौरान सुविधायुक्त एक सिटी अस्पताल की कमी सामने आ गई थी, अब डेंगू के दौरान भी यह हालात बन रहे है, ऐसे में शहर को एक अतिरिक्त सिटी अस्पताल सुविधा अनुसार चाहिए।

## लक्ष्य का निर्धारण, चुनौतियों का रोड मैप

जानकारों की माने 10 साल बाद के रतलाम की जरूरतों को आज से समझना व कार्य योजना बनाकर अमल में लाना शुरू करना होगा। हमें हर साल एक-एक लक्ष्य चुनकर उसे हासिल करना पड़ेगा। इस दौरान सामने आने वाली चुनौतियों से पार जाने के लिए भी रोड मैप की आवश्यकता होगी। शहर के कई विशेषज्ञ आज अपनी सेवाएं बाहरी शहरों में दे रहे है, अगर वे शहर विकास में सहभागिता करेंगे तो लक्ष्य की राह सरल बन जाएगी।

पत्रिका

पत्रिका 12/9/21

# डेंगू नियंत्रण पर जन जागरूकता के लिए शहर में 1 लाख पंपलेट घर-घर बांटे जाएंगे

रतलाम। जिले में डेंगू नियंत्रण पर समीक्षा के लिए एक बैठक कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा शुक्रवार को आयोजित की गई। कलेक्टर ने कहा कि डेंगू नियंत्रण के लिए जनजागरूकता सबसे ज्यादा जरूरी है।

बैठक में मौजूद निगमायुक्त सोमनाथ झारिया को निर्देश दिया कि डेंगू पर जनजागरूकता संबंधि जानकारी देने वाले एक लाख पेम्पलेट रतलाम शहर में घर-घर पहुंचाया जाए। घरों पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पेम्पलेट में अंकित जानकारी पढ़कर सुनाएंगी और वितरित करेंगी। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षीसिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिडे, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे आदि उपस्थित थे।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शहर में डेंगू नियंत्रण के लिए चार दलों का गठन किया जाए जिसमें नगर निगम के अलावा राजस्व तथा मलेरिया विभाग के कर्मचारी सम्मिलित रहेंगे। यह दल शहर में डेंगू नियंत्रण के लिए सतत कार्य करेंगे। जलजमाव हटाने, मच्छर नियंत्रण, फागिंग जैसे कार्य करवाने के साथ ही लोगों में जागरूकता भी लाएंगे। गठित दल केवल डेंगू नियंत्रण के लिए ही कार्य करेंगे, उनको अन्य किसी कार्य में नहीं लगाया जाएगा। प्रत्येक दल को वाहन उपलब्ध कराने के निर्देश भी निगमायुक्त को दिए गए।

अग्निबाण 11/9/21

# रतलाम का हर रविवार, डेंगू के लार्वा पर हो प्रहार

रतलाम। शहर में डेंगू के लार्वा पर प्रहार करने के लिए 12 सितंबर से विशेष जन जागरण अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। 12 सितंबर को प्रात: 10 से 11 के बीच शहर के सभी नागरिक अपने घर मोहल्ले कार्यक्षेत्र में अभियान चलाकर पानी के स्त्रोत जैसे गमले, पुराने टायर, सीमेंट की टंकी, कूलर आदि को खाली करके उनकी सफाई करेंगे और डेंगू के लार्वा पर प्रहार करेंगे। जिला प्रशासन ने इस संबंध में नागरिकों से अपील की है कि डेंगू की रोकथाम के लिए आवश्यक है कि हम डेंगू को उसके अंडे और लार्वा को ही समाप्त कर दें। डेंगू साफ पानी में फैलता है इसलिए यदि हम प्रत्येक रविवार सभी जल स्त्रोतों को एक साथ खाली करने का अभियान चलाए तो लार्वा को एक साथ समाप्त किया जा सकता है। प्रशासन ने सभी नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, संस्थाओं शासकीय कर्मचारियों, पत्रकार बंधुओं से आग्रह किया है कि 12 सितंबर सुबह 10 से 11 के बीच अपने कार्यक्षेत्र, निवास क्षेत्र में अनावश्यक एकत्रित जल को साफ कर लार्वा को पनपने से रोकें। इस हेतु स्वयं अपने स्तर पर एवं सभी क्षेत्रवासियों के प्रयासों से इस कार्य को एक अभियान का स्वरूप देकर डेंगू को फैलने से रोकने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें।

प्रसारण 12/9/21

# डेंगू से बचाव हेतु प्रत्येक झोन में एक-एक डबल बैरल फॉगिंग मशीन से कीटनाशक दवा का छिड़काव निरंतर जारी

रतलाम। कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नागरिकों को मच्छर जनित डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारी से बचाव हेतु नगर प्रत्येक झोन में एक-एक डबल बैरल फॉगिंग मशीन से कीटनाशक दवा का छिड़काव का कार्य निरंतर जारी है। निगम आयुक्त श्री झारिया ने इस अवसर पर बताया कि शहर में बढ़ रहे डेंगू व मलेरिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों पर नियंत्रण हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार फॉगिंग मशीन प्रत्येक झोन में एक-एक डबल बैरल फॉगिंग मशीन से नगरनिगम व मलेरिया विभाग द्वारा रूट चार्ट अनुसार सुबह 5:30 से 8 बजे तक व शाम को 6 से रात 10 बजे तक किया जा रहा है साथ ही प्रत्येक वार्ड में एक-एक हैण्ड स्प्रे मशीन से भी कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है। प्रसारण

प्रसारण 12/9/21

घर-घर किया जाये सर्वे, साफ पानी कहीं भी एकत्रित ना हो

# किल कोरोना की तरह किल डेंगू अभियान में सभी जुट जायें : झारिया

सिंघम रिपोर्टर ☐ रतलाम

डेंगू की रोकथाम हेतु मुख्यमंत्री द्वारा विडियो कान्फ्रेंस में दिये निर्देश के तहत त्वरित कार्यवाही किये जाने हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति के साथ निगम अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, झोन प्रभारी व वार्ड प्रभारियों की बैठक लेकर डेंगू के प्रति नागरिकों को जागरूक किये जाने तथा डेंगू के लार्वा को नष्ट किये जाने हेतु घर-घर सर्वे किये जाने के निर्देश दिये।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने आयोजित बैठक में बताया कि डेंगू के मरीजों की संख्या में दिन प्रतिदिन इजाफा हो रहा है, जिस प्रकार किल कोरोना अभियान के तहत कोरोना पर काबू पाया था ठीक इसी प्रकार से हमें किल डेंगू अभियान चलाकर डेंगू पर काबू पाना है। उन्होंने निगम के स्वास्थ्य अधिकारी, झोन प्रभारी व वार्ड प्रभारियों को निर्देशित किया कि डेंगू के प्रति नागरिकों को जागरूक किये जाने के साथ ही घर-घर जाकर सर्वे किया जाये व लार्वा पाया जाने पर संबंधितों पर जुर्माने की कार्यवाही के साथ ही मलेरिया विभाग से संपर्क कर लार्वा को नष्ट किये जाने की कार्यवाही की जाये। आयोजित बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि डेंगू का लार्वा साफ रूके हुए पानी में पनपता है इस हेतु कहीं भी 5 दिन से अधिक समय का पानी रूका हुआ नहीं होना चाहिये यदि कहीं पानी रूका है तो उसमें जला हुआ आईल डाला जाये जिससे डेंगू के लार्वा नष्ट हो सकें।



जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति ने इस अवसर पर बताया कि डेंगू एडिस मच्छर के काटने से होता है व साफ रूके हुए पानी में पनपता है इस हेतु किसी भी स्थान या वस्तु में साफ रूका हुआ पानी ना हो इसकी सुनिश्चितता की जाये तभी डेंगू पर काबू पाया जा सकेगा।

नगर निगम व मलेरिया विभाग द्वारा नागरिकों से अपील की जाती है कि वे मच्छर जनित डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाव हेतु अपने आसपास, पानी की टंकियों को खुला ना छोड़ें, खुले मटके, ड्रम, टायर इत्यादि में पानी एकत्रित ना होने दें इसके अलावा अपने घरों से निकलने वाले कचरे को यहां-वहां, नाले-नालियों में न डालते हुए निगम के कचरा संग्रहण वाहन में ही डालें साथ ही अपने आसपास जल भराव की स्थिति पैदा न होने दें तभी हमारा शहर साफ-स्वच्छ व सुन्दर होने के साथ डेंगू तथा मलेरिया जैसी बीमारियों से मुक्त रह सकेगा। इस अवसर पर उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री सुहास पंडित, बी.एल. चौधरी, निज सहायक सुभाष गोयल, कार्यालय अधीक्षक रामचन्द्र शर्मा, झोन प्रभारी पर्वत हाड़े, किरण चौहान, विनय चौहान, विराट मेहरा सहित सभी वार्ड दरोगा उपस्थि थे। सिंघम -11

## डेंगू नियंत्रण पर जन जागरूकता के लिए शहर में 1 लाख पंपलेट घर-घर बांटे जाएंगे

रतलाम। जिले में डेंगू नियंत्रण पर समीक्षा के लिए एक बैठक कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा शुक्रवार को आयोजित की गई। कलेक्टर ने कहा कि डेंगू नियंत्रण के लिए जनजागरूकता सबसे ज्यादा जरूरी है। बैठक में मौजूद निगमायुक्त सोमनाथ झारिया को निर्देश दिया कि डेंगू पर जनजागरूकता संबंधि जानकारी देने वाले एक लाख पेम्पलेट रतलाम शहर में घर-घर पहुंचाया जाए। घरों पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पेम्पलेट में अंकित जानकारी पढ़कर सुनाएंगी और वितरित करेंगी। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षीसिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे आदि उपस्थित थे।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शहर में डेंगू नियंत्रण के लिए चार दलों का गठन किया जाए जिसमें नगर निगम के अलावा राजस्व तथा मलेरिया विभाग के कर्मचारी सम्मिलित रहेंगे। यह दल शहर में डेंगू नियंत्रण के लिए सतत कार्य करेंगे। जलजमाव हटाने, मच्छर नियंत्रण, फागिंग जैसे कार्य करवाने के साथ ही लोगों में जागरूकता भी लाएंगे। गठित दल केवल डेंगू नियंत्रण के लिए ही कार्य करेंगे, उनको अन्य किसी कार्य में नहीं लगाया जाएगा। प्रत्येक दल को वाहन उपलब्ध कराने के निर्देश भी निगमायुक्त को दिए गए।

सिंघम - 11/9/21

## 96 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत शनिवार को 96 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर व ट्रैक्टर-ट्राली से 53025, काम्पेक्टर सुखा कचरा 28200, काम्पेक्टर गीला कचरा 15485 कुल 96710 किलो कचरा ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।

नईदुनिया १२/७/२१

## कचरा गाड़ी नहीं आने से परेशान हो रहे नागरिक

रतलाम। बिरियाखेडी स्थित सिंधु नगर में कचरा गाडी 5 से 6 दिनसे नही आ रही है जिससे रहवासियों को काफी परेशानी हो रही है, एकत्रित कचरे की वजह से बदबू फेल रही है वहीं कचरा अन्य जगह फेंकने पर निगम कर्मचारी जुर्माना वसूल रहे है। कचरे के कारण सिंधी कॉलोनी के आसपास का वातावरण खराब हो रहा।

राजएक्सप्रेस १२/७/२१

## होटलों की जांच कर लिए सैंपल

रतलाम | मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत कलेक्टर के आदेश पर खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम द्वारा होटलों एवं खाने-पीने की सामग्री बेचने वाले दुकानों की जांच की जा रही है। टीम ने जावरा स्थित शुभ रिद्धि एग्री फूड्स प्रोडक्ट से मैदा और रवा एवं राहुल स्टील एंड फूड इंडस्ट्रीज से आटा एवं पैक आटे का सैंपल लिया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्योति बघेल ने बताया कि सैंपल को राज्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा जा रहा है। वहां से रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

दै. भास्कर १२/७/२१

# थोड़ी सी जागरूकता रोक सकती है डेंगू को

रतलाम । जिले तथा रतलाम शहर में डेंगू नियंत्रण एवं कोविड-वैक्सीनेशन पर एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शनिवार को आयोजित की गई। उपस्थित विधायकगणों एवं पूर्व पार्षदों के साथ कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा विमर्श किया जाकर डेंगू नियंत्रण के लिए कार्य योजना बनाई गई। बताया गया कि मात्र थोड़ी सी जागरूकता से डेंगू को रोका जा सकता है, नियंत्रित रखा जा सकता है। बस लोग घरों के आसपास और अपने घरों में पानी का जमाव नहीं होने दे। जिले के प्रत्येक उपस्वास्थ्य केंद्र और सिविल अस्पतालों में भी प्लेटलेट्स जांच सुविधा सुनिश्चित की गई है ।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में विधायक जावरा डॉ. राजेंद्र पांडे विधायक, रतलाम ग्रामीण श्री दिलीप कुमार मकवाना, कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षीसिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, निगमायुक्त श्री सोमनाथ झारिया, सिटी एसडीएम श्री अभिषेक गहलोत, डिप्टी कलेक्टर सुश्री शिराली जैन, उपायुक्त नगर निगम श्री विकास सोलंकी, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे, सिविल सर्जन डॉ. आनंद चंदेलकर, श्री गोविंद काकानी, श्री अशोक पोरवाल, श्री कृष्ण कुमार सोनी, सुश्री



सीमा टॉक, तहसीलदार श्री गोपाल सोनी, जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री रत्नेश विजयवर्गीय, श्री प्रहलाद पटेल, श्री इक्का बेलूत, श्री भगतसिंह भदोरिया, श्री राकेश परमार, श्री मंगल लोढ़ा, श्री रजनीकांत व्यास, श्री शांतिलाल वर्मा, श्री महेंद्र सिंह, श्री करण वर्मा, श्री सलीम मेव ,श्री नंदकिशोर पवार, श्री रवि वर्मा, श्री नीलेश गांधी तथा जिला क्राइसेस मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर द्वारा कोविड-19 वैक्सीनेशन पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने बताया कि रतलाम जिले में वैक्सीनेशन कार्य बेहतर ढंग से संचालित किया जा रहा है। जिला पूरे प्रदेश में वैक्सीनेशन के मामले में सातवें नंबर पर हैं। 2 माह पूर्व जिला 32 वे नंबर पर था। रतलाम शहर में 95 प्रतिशत प्रथम डोज वैक्सीनेशन किया जा चुका है। जिले में प्रथम डोज 85 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। वोटर लिस्ट के मान से शीघ्र शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जाएगा। कोई भी व्यक्ति वैक्सीनेशन से छूटा हो तो उसकी जानकारी 1075 पर कॉल करके दी जा सकती है। मोबाइल दल उसके घर पहुंचकर प्रथम डोज वैक्सीन लगाएगा। डेंगू पर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि थोड़ी सी जागरूकता रखकर डेंगू से बचा जा सकता है। लोग अपने घर के आस-पास और घरों में जलजमाव नहीं होने दे यह जनजागृति जनप्रतिनिधि एवं पूर्व पार्षद अपने-अपने क्षेत्रों में निचले स्तर तक पहुंचाएं, डेंगू से बचाव के लिए जागरूकता सबसे बेहतर है। इसलिए शहर के विभिन्न वार्डों में जागरूकता संबंधी पैंफलेट घर-घर वितरण कराए जाएंगे, उसके प्रमुख बिंदुओं को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पढ़कर सुनाएगी।

विधायक जावरा डॉ. राजेंद्र पांडे ने कहा कि बदले हुए स्वरूप में डेंगू से परेशानी हो रही है। अपेक्षाकृत अधिक लोगों को बुखार आ रहा है, लोगों का ज्यादा से ज्यादा टेस्ट कराया जाए। ओपीडी चेक करके देखा जाए कि किन स्थानों पर मरीजों की संख्या में कितनी बढ़ोतरी हो रही है। तहसील मुख्यालयों पर डेंगू जांच की सुविधा सुनिश्चित की जाए। विधायक श्री दिलीप मकवाना ने रतलाम ग्रामीण क्षेत्र में डेंगू के प्रकोप के दृष्टिगत नामली एवं धामनोद में चिकित्सक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए साथ ही दवाई छिड़काव, पर्याप्त मात्रा में दवाइयों की उपलब्धता एवं जांच सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर दिया। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि रतलाम शहर में डेंगू नियंत्रण के लिए चार दल विशेष रूप से गठित किए गए है जो सर्वेक्षण करवाएंगे। घरों तथा आसपास में जलजमाव को हटवाने के लिए भी लोगों को जागरूक करेंगे। कंट्रोल रूम द्वारा भी सघन मॉनिटरिंग की जाएगी। पंचायत सीईओ श्रीमती मीनाक्षी सिंह ने बताया कि सभी पंचायत सचिवों को निर्देश दिए है कि पंचायत मद से गांव में दवाई के छिड़काव के लिए बाजार से दवाई क्रय की जाए। आशा तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा गांव में सघन सर्वेक्षण किया जाएगा। बैठक में श्री गोविंद काकानी ने कहा कि जिला चिकित्सालय में एफरेसिस मशीन उपलब्धता के लिए समस्त प्रक्रियाएं शीघ्र पूर्ण करना होगी। मानव सेवा समिति द्वारा मात्र रतलाम जिला ही नहीं, बल्कि आसपास के जिलों तथा गुजरात एवं राजस्थान तक के रोगियों को प्लेटलेट्स उपलब्ध कराने के लिए कार्य किया जा रहा है। श्री अशोक पोरवाल ने कहा कि शहर के विभिन्न तालाबों में सफाई की व्यवस्था की जाना चाहिए। सुश्री सीमा टाक ने फागिंग, जांच सुविधा तथा अन्य महत्वपूर्ण सुझाव डेंगू नियंत्रण के संबंध में दिए।

नके अलावा श्री राकेश परमार, श्री

नवभारत 12/9/21

# नहीं थम रहा डेंगू का दंश, जिले में अब तक 27

## बड़ी संख्या में मरीज करवा रहे निजी अस्पताल में उपचार

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

डेंगू का दंश जिले में कहर बरपा रहा है। जिले में अब तक 272 डेंगू के मरीज सामने आ चुके हैं। बीते 3 दिनों में ही 35 नए केस भी सामने आए हैं। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार प्रभावित क्षेत्रों में डोर टू डोर सर्वे कर संदिग्ध मरीजों की पहचान कर रही है। वहीं, शहर में 1 लाख पंपलेट बांटकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। डेंगू को लेकर मुख्यमंत्री द्वारा दी गई बैठक में रतलाम और मंदसौर जिले में लगातार बढ़ रहे मामलों पर चर्चा हुई है। इसके लिए किल कोरोना अभियान की तर्ज पर डेंगू अभियान चलाया जा रहा है। सरकारी एवं निजी अस्पतालों में बड़ी संख्या में मरीज पहुंच रहे है।

जिले में जुलाई और अगस्त के महीने के दौरान 200 से अधिक डेंगू के मरीज मिले थे। इसके बाद सितंबर के 10 दिनों में ही 72 मरीज सामने आ चुके हैं।मरीजों की वास्तविक संख्या का आकलन जिला अस्पताल और




प्राइवेट अस्पतालों में भर्ती मरीजों की संख्या के आधार पर लगाया जा सकता है। स्वास्थ विभाग के सर्वे के दौरान गांव और शहर में बड़ी संख्या में वॉटर टैंकों में मच्छर के लार्वा मिले हैं। ग्रामीण क्षेत्र के अलावा शहरी क्षेत्र में भी डेंगू की रोकथाम के लिए नगर निगम द्वारा मलेरिया विभाग के साथ मिलकर लार्वा सर्च और चालानी कार्रवाई का अभियान चला रहा है।

## कलेक्

शहर में लगातार
कलेक्टर कुमार पु
और जनप्रतिनिधि
मैनेजमेंट कमेटी
शहर में तेजी से फै
कार्यों और शत प्र
निर्णय लिए जाएंगे

दबंग दुनिया 12/9/21

# जिला प्रभारी मंत्री श्री भदौरिया का संशोधित दौरा कार्यक्रम

**रतलाम।** प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री एवं रतलाम जिला प्रभारी मंत्री श्री ओ.पी.एस. भदौरिया 12 सितंबर को प्रात: 7.30 बजे रतलाम आयेंगे। वे 12 सितंबर को प्रात: 10.30 बजे रॉयल लाउज एवं व्हीकल कैफे तथा 11:00 बजे नवीन बाल चिकित्सालय वार्ड का शुभारम्भ करेंगे। 11:30 से 2:00 बजे तक शहर विधायक श्री चैतन्य काश्यप द्वारा आयोजित मेधावी छात्र-छात्राओं के प्रतिभा सम्मान समारोह में शिरकत करेंगे। दोपहर 2:00 बजे से 3:00 बजे तक दैनिक भास्कर द्वारा आयोजित कर्म योद्धा सम्मान समारोह में शामिल होंगे । दोपहर 3:00 से 4:00 तक न्यू आवासीय हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्वर्ण सागर आवासीय योजना बिबड़ौद में वृक्षारोपण करेंगे। दोपहर 4:00 बजे पूर्व मंत्री श्री हिम्मत कोठारी से सौजन्य भेंट करेंगे। वे इसी दिन सायं 5:00 बजे रतलाम से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

नवभारत 12/9/21

# नल जल योजनाओं में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं

**सिंघम रिपोर्टर □ रतलाम**

जिले में संचालित जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर में नल से जल पहुंचाने के लिए क्रियान्वित की जा रही नल जल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा गुरुवार को गई। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि नल जल योजनाओं में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। कोई भी गडबडी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कलेक्टर ने कहा कि वे स्वयं उन गांवों में पहुंचेंगे जहां योजना क्रियान्वित की जा रही है ग्रामीणों से फीडबैक लेंगे कि योजना से उनके जीवन में क्या बदलाव आया है। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षीसिंह, कार्यपालन यंत्री पी.के. गोगादे, जिला सलाहकार श्री आनन्द व्यास, विभाग के एसडीओ आदि उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि पूर्ण हो चुकी योजनाओं के संचालन एवं संधारण की सुनियोजित ढंग से तैयारी की जाए, समय पर पंचायतों को योजनाएं हैण्डओवर कर दी जाए।

योजना संचालन के लिए गांव से वाल्वमेन के रुप में लोगों को प्रशिक्षित किया जाना है, इसके लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम बनाया जाए। सीईओ जिला पंचायत द्वारा जिले में पूर्ण योजनाओं का सत्यापन करते हुए जो कमियां बताई गई है, उनको तय समयसीमा में सुधारा जाए।

कलेक्टर ने सभी पीएचई एसडीओ से पूछा कि वे पूर्ण हो चुकी योजनाओं की गुणवत्ता से संतुष्ट है अथवा नहीं। स्कूलों, आंगनवाडियों में नल से जल उपलब्ध कराने के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली गई। बताया गया कि जिले में मिशन के तहत 44 योजनाएं पूर्ण कर ली गई है। 266 योजनाएं स्वीकृत की गई है। अभी 142 योजनाएं प्रगतिरत है।

सिंघम - 11

सिंघम - 11/9/21

## दो तबेलों पर चला जेसीबी का पंजा, अब तक 30 हटाए



रतलाम | शहर को साफ और सुंदर बनाने के लिए नगर निगम की तबेले हटाओ मुहिम में शनिवार को दो तबेले जेसीबी से तोड़े गए। पहली कार्रवाई लोकेंद्र टॉकिज रोड स्थित हमदेश प्रेस की गली में रुस्तम के तबेले पर हुई। इसके बाद अरिहंत परिसर स्थित मारकुश कटारा के तबेलों को हटाया गया। कार्रवाई होते देख मिशन कंपाउंड के इकबाल घोसी और रहमत नगर के सैयद बरकत अली ने खुद ही तबेले हटा दिए। इस तरह मुहिम में अभी तक शहरी क्षेत्र के 30 तबेलों को हटाया जा चुका है। इसके अलावा शनिवार को पोस्ट ऑफिस रोड से 10 कच्चे-पक्के अतिक्रमण और गुमटियां भी हटाई गईं। तबेले तोड़ने की कार्रवाई के बाद मारकुश कटारा 5000 रुपए और रुस्तम से 2000 रुपए का जुर्माना भी वसूला। आयुक्त सोमनाथ झारिया, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी विनय चौहान, किरण चौहान, पर्वत हाड़े सहित अन्य उपस्थित रहे।

भास्कर

दै. भास्कर 12/9/21

# नगर निगम ने शहरी क्षेत्र से हटाए 26 तबेले

### जिनके तबेले तोड़े गए उनसे प्रति तबेला 15 हजार भी वसूले जाएंगे



अग्निबाण

रतलाम। नगर निगम एक्ट के विरूद्ध नगरीय सीमा क्षेत्र में संचालित भैंसो के तबेले व बाड़े हटाने के अभियान के तहत तबेले संचालकों को अपने तबेले स्वंय तोडने की समय सीमा 7 सितम्बर समाप्त होने के बाद निगम आयुक्त के निर्देशानुसार झोन क्रमांक 4 के अन्तर्गत संचालित 5 तबेलों को तोड़ा जाकर तबेले मालिकों से तबेले तोडने की राशि वसूली। भैंसो व अन्य पशुओं के शेष बचे तबेले एवं बाड़े तोड़े जायेंगे साथ साथ ही संबंधितों से 15 हजार रूपये प्रति घन्टे के मान से तोडने की राशि वसूल की जायेगी।

भैंसो के बाड़े व तबेले तोडने का कार्य जीतमल राठौड़, गोविन्द मेहता रलेश्वर रोड, लाला घोसी, राधेश्याम गुर्जर धभाईजी का बास, राजेश राठौड़ बसंत कालोनी द्वारा अपने तबेले नहीं हटाये जाने की स्थिति में उक्त तबेलों को जेसीबी मशीन, गैंग आदि के माध्यम से हटाया गया। इसके अलावा संतोष गुर्जर व राहूल गुर्जर धभाई जी का वास के तबेले पूर्व से ही बंद होकर तबेलो को निवास हेतु उपयोग हेतु पाये गये। इस तरह नगर निगम द्वारा अब तक शहरी क्षेत्र से कुल 26 तबेलो को हटाया गया यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

अग्निबाण 11/9/21

जनप्रतिनिधियों, पूर्व पार्षदों के साथ डेंगू नियंत्रण एवं वैक्सीनेशन को लेकर बैठक का हुआ आयोजन

# थोड़ी सी जागरूकता रखकर डेंगू से बचा जा सकता है : कलेक्टर

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

जिले तथा रतलाम शहर में डेंगू नियंत्रण एवं कोविड्-वैक्सीनेशन पर एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शनिवार को आयोजित की गई उपस्थित विधायक गणों एवं पूर्व पार्षदों के साथ कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा विमर्श किया जा कर डेंगू नियंत्रण के लिए कार्य योजना बनाई गई बताया गया कि मात्र थोड़ी सी जागरूकता से डेंगू को रोका जा सकता है नियंत्रित रखा जा सकता है बस लोग घरों के आसपास और अपने घरों में पानी का जमाव नहीं होने दे, जिले के प्रत्येक उप स्वास्थ्य केंद्र और सिविल अस्पतालों में भी प्लेटलेट्स जांच सुविधा सुनिश्चित की गई है।



## कोविड-19 पर हुई चर्चा

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में विधायक जावरा डॉ.राजेंद्र पांडे विधायक रतलाम ग्रामीण दिलीप कुमार मकवाना कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षी सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, सिटी एसडीएम अभिषेक गहलोत, डिप्टी कलेक्टर सुश्री शिराली जैन, उपायुक्त नगर निगम विकास सोलंकी, सीएमएचओ डॉ.प्रभाकर ननावरे, सिविल सर्जन डॉ.आनंद चंदेलकर, गोविंद काकानी, अशोक पोरवाल, कृष्ण कुमार सोनी, सुश्री सीमा टॉक, तहसीलदार गोपाल सोनी, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल, इक्का बेलूत,भगत सिंह भदोरिया, राकेश परमार, मंगल लोढ़ा, रजनीकांत व्यास, शांतिलाल वर्मा, महेंद्र सिंह, करण वर्मा, सलीम मेव, नंदकिशोर पवार, रवि वर्मा, नीलेश गांधी, जिला क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य आदि उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर द्वारा कोविड-19 वैक्सीनेशन पर भी चर्चा की गई कलेक्टर ने बताया कि रतलाम जिले में वैक्सीनेशन कार्य बेहतर ढंग से संचालित किया जा रहा है जिला पूरे प्रदेश में वैक्सीनेशन के मामले में सातवें नंबर पर हैं 2 माह पूर्व जिला 32 वे नंबर पर था रतलाम शहर में 95 प्रतिशत प्रथम डोज वैक्सीनेशन किया जा चुका है जिले में प्रथम डोज 85 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है वोटर लिस्ट के मान से शीघ्र शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जाएगा। मोबाइल दल उसके घर पहुंचकर प्रथम डोज वैक्सीन लगाएगा, डेंगू पर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि थोड़ी जागरूकता रखकर डेंगू से बचा जा सकत लोग अपने घर के आस-पास और घरों जलजमाव नहीं होने दे यह जनजाग, जनप्रतिनिधि एवं पूर्व पार्षद अपने-अ क्षेत्रों में निचले स्तर तक पहुंचाएं। विधाय दिलीप मकवाना ने रतलाम ग्रामीण क्षेत्र डेंगू के प्रकोप के दृष्टिगत नामली एवं धामन में चिकित्सक की उपलब्धता सुनिश्चित क के निर्देश दिए साथ ही दवाई छिड़काव, पर्य मात्रा में दवाइयों की उपलब्धता एवं ज सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

## डेंगू नियंत्रण के लिए दल गठि

कलेक्टर ने बताया कि रतलाम शहर डेंगू नियंत्रण के लिए चार दल विशेष रूप गठित किए गए है जो सर्वेक्षण करवाएंगे घ तथा आसपास में जलजमाव को हटवाने लिए भी लोगों को जागरूक करेंगे, कंट्रो रूम द्वारा भी सघन मॉनिटरिंग की जाए जिला पंचायत सीईओ श्रीमती मीनाक्षी सिंह बताया कि सभी पंचायत सचिवों को निर्दे दिए है कि पंचायत मद से गांव में दवाई छिड़काव के लिए बाजार से दवाई क्रय जाए ,आशा तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा गांव में सघन सर्वेक्षण किया जाएगा।

215

राज एक्सप्रेस 12/9/21

## सफर तरक्की का, नई सोच का...रतलाम स्थापित करेगा आदर्श

# हमारी नई पहचान होगा भविष्य का 'रतलाम'

रतलाम , औद्योगिक पहचान, नमकीन का जायका, सोने की दमक और साड़ी उद्योग की पहचान के साथ विकास की दिशा में बढ़ रहा है, हमारे सामने अब भविष्य की चुनौतियां है, अगले 10 साल में हम कहां होंगे, क्या उस वक्त शहर के संसाधन, सड़कें, जरूरतें, सुविधाएं साथ देगी...सवाल है, लेकिन जवाब भी हमें ही देना है, इसके लिए भविष्य के रतलाम की सोच को अपनाना होगा।



शहर के श्री कालिका माता मंदिर उद्यान का प्राकृतिक सौंदर्य इन दिनों आकर्षण का केन्द्र बन हुआ है।

# शनिवार को रतलाम ग्रामीण तथा शहर में शत-प्रतिशत फर्स्ट डोज कम्प्लीट किया जायेगा

सिंघम रिपोर्टर ❑ रतलाम

जिले में कोविड वैक्सीनेशन अभियान के तहत आगामी शनिवार को रतलाम ग्रामीण तथा शहर को फोकस किया जाएगा। शनिवार को रतलाम ग्रामीण तथा शहर में शत-प्रतिशत रुप से वैक्सीन का फर्स्ट डोज कम्पलीट कर लिया जाएगा। इसके लिए सम्पूर्ण अमले को उक्त दोनों स्थानों पर लगाया जाकर लक्ष्य अर्जित किया जाएगा। साथ ही सेकेण्ड डोज भी लगेगा। कलेक्टर ने गुरुवार शाम बैठक लेते हुए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षी सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिडे तथा अन्य संबधित अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देशित किया कि रतलाम ग्रामीण और शहर को छोड़कर अन्य सभी विकासखंडों के एसडीएम अपने-अपने विकासखंड के लिए शनिवार को बैठक आयोजित करें। बैठक में शिक्षकों, पटवारियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं,



आशा कार्यकर्ताओं को शत-प्रतिशत कोविड-19 वैक्सीनेशन कराने के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान करें। सभी ग्रामीण क्षेत्रों में छुटे हुए लोगों का वैक्सीनेशन कराने के लिए प्रत्येक ग्राम में दो लोगों का दल तैयार किया जाए। यह दल प्रत्येक ग्राम में टीकाकरण से शेष रहे लोगों की लिस्टिंग करेगा और टीकाकरण दिवस पर उन्हें घरों से लाकर टीकाकरण कराया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक 10 ग्राम पर 1 सेक्टर अथवा जोनल अधिकारी को नामांकित किया जाएगा। प्रत्येक एसडीएम स्तर पर कार्यक्रम की प्रतिदिन समीक्षा की जाएगी, प्रत्येक सेक्टर में किए गए टीकाकरण की ग्रामवार समीक्षा होगी।

छुटे हुए लोगों की लिस्ट तैयार कर उसका ऑनलाइन सत्यापन किया जाएगा और गलत लिस्ट बनाने वालों के विरुद्ध कार्यवाई की जाएगी। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि 1 जनवरी 2003 के बाद जन्म लेने वाले अर्थात हाल ही में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं की सूची तैयार की जाए और सूची में शामिल युवाओं का वैक्सीनेशन किया जाए। वैक्सीनेशन के लिए दलों का ड्यूटी आदेश जारी किया जाए, विकासखंडों में छात्रावासों, कन्या परिसरों में रहने वाले छात्र-छात्राओं की सूची तैयार करके इनके वैक्सीनेशन की जानकारी प्राप्त की जाए और छुटे हुए लोगों का वैक्सीनेशन किया जाए।

बैठक में समीक्षा करते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निर्देश दिए कि डेंगू के प्रकोप को भी कोरोना की तरह गंभीरता से लेवे, गहन सर्वेक्षण कर मरीजों का उपचार किया जाए। अभियान के रूप में सफाई कराई जाए, जल जमाव हटाए जाएं, लोगों को जागरूक करने के लिए अनाउंसमेंट करवाएं।

सिंघम - 11

सिंघम - 11/9/21

# स्वास्थ्य केंद्रों पर प्लेटलेट्स जांच सुविधा उपलब्ध रहेगी

## जनप्रतिनिधियों, पूर्व पार्षदों के साथ डेंगू नियंत्रण एवं वैक्सीनेशन पर बैठक संपन्न



रतलाम ● स्वदेश समाचार

डेंगू नियंत्रण एवं कोविड-वैक्सीनेशन पर एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शनिवार को आयोजित की गई, जिसमें विधायकगणों एवं पूर्व पार्षदों के साथ कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा विमर्श किया जाकर डेंगू नियंत्रण के लिए कार्य योजना बनाई गई। साथ ही जिले के प्रत्येक उपस्वास्थ्य केंद्र और सिविल अस्पतालों में भी प्लेटलेट्स जांच सुविधा सुनिश्चित की गई है।

कलेक्टर ने कहा कि थोड़ी सी जागरूकता रखकर डेंगू से बचा जा सकता है लोग अपने घर के आस-पास और घरों में जल जमाव नहीं होने दे यह जनजागृति जनप्रतिनिधि एवं पूर्व पार्षद अपने-अपने क्षेत्रों में निचले स्तर तक पहुंचाएं, डेंगू से बचाव के लिए जागरूकता सबसे बेहतर है, इसलिए शहर के विभिन्न वार्डों में जागरूकता संबंधी एक लाख पेम्पलेट घर-घर वितरण कराए जाएंगे। उसके प्रमुख बिंदुओं को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पढ़कर सुनाएगी।

### ज्यादा टेस्ट कराएं-विधायक

विधायक जावरा डॉ. राजेंद्र पांडे ने कहा कि बदले हुए स्वरूप में डेंगू से परेशानी हो रही है अपेक्षाकृत अधिक लोगों को बुखार आ रहा है लोगों का ज्यादा से ज्यादा टेस्ट कराया जाए। ओपीडी चेक करके देखा जाए कि किन स्थानों पर मरीजों की संख्या में कितनी बढ़ोतरी हो रही है। तहसील मुख्यालयों पर डेंगू जांच की सुविधा सुनिश्चित की जाए। डॉ. पांडे ने कहा कि डेंगू मरीजों को प्लेटलेट्स की जरूरत के दृष्टिगत ब्लड से प्लेटलेट्स पृथक किए जाने के लिए एफरेसिस मशीन की सुविधा जिला चिकित्सालय में उपलब्ध कराई जाना चाहिए। बताया गया कि मशीन पूर्व में जिला चिकित्सालय में 2016 में आई थी परंतु बाद में मशीन इंदौर एमवाय चिकित्सालय पहुंचा दी गई अब रतलाम में मशीन ऑपरेट करने के लिए पैथोलॉजिस्ट तथा लायसेंस का होना आवश्यक है जो वर्तमान में नहीं है।

डॉ. पांडे ने कहा कि मशीन वापस रतलाम लाई जाए और लायसेंस भी हासिल किया जाए कलेक्टर ने कहा कि 2 माह के भीतर लायसेंस प्रक्रिया पूर्ण की जाकर मशीन रतलाम लाई जाएगी साथ ही पैथोलॉजिस्ट की भी व्यवस्था की जाएगी। विधायक डॉ. पांडे ने कहा कि जावरा में भी ब्लड बैंक की स्थापना का प्रयास किया जा रहा है। विधायक दिलीप मकवाना ने रतलाम ग्रामीण क्षेत्र में डेंगू के प्रकोप के दृष्टिगत नामली एवं धामनोद में चिकित्सक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए साथ ही दवाई छिड़काव, पर्याप्त मात्रा में दवाइयों की उपलब्धता एवं जांच सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

### वैक्सीनेशन के मामले में रतलाम सातवें नंबर पर

कलेक्टर ने बताया कि रतलाम जिले में वैक्सीनेशन कार्य बेहतर ढंग से संचालित किया जा रहा है। जिला पूरे प्रदेश में वैक्सीनेशन के मामले में सातवें नंबर पर हैं। 2 माह पूर्व जिला 32 वे नंबर पर था। रतलाम शहर में 95 प्रतिशत प्रथम डोज वैक्सीनेशन किया जा चुका है। जिले में प्रथम डोज 85 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। वोटर लिस्ट के मान से शीघ्र शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जाएगा, कोई भी व्यक्ति वैक्सीनेशन से छूटा हो तो उसकी जानकारी 1075 पर कॉल करके दी जा सकती है, मोबाइल दल उसके घर पहुंचकर प्रथम डोज वैक्सीन लगाएगा।

### कंट्रोल रूम द्वारा सघन मॉनिटरिंग

कलेक्टर ने बताया कि रतलाम शहर में डेंगू नियंत्रण के लिए चार दल विशेष रूप से गठित किए गए है जो सर्वेक्षण करवाएंगे। घरों तथा आसपास में जल जमाव को हटवाने के लिए भी लोगों को जागरूक करेंगे, कंट्रोल रूम द्वारा भी सघन मॉनिटरिंग की जाएगी। जिला पंचायत सीईओ श्रीमती मीनाक्षी सिंह ने बताया कि सभी पंचायत सचिवों को निर्देश दिए है कि पंचायत मद से गांव में दवाई के छिड़काव के लिए बाजार से दवाई क्रय की जाए, आशा तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा गांव में सघन सर्वेक्षण किया जाएगा। स्वदेश

स्वदेश 12/9/21

**आपदा में डटे रहे ये वीर** • सागोद रोड स्थित जेएमडी पैलेस में दोपहर 1.30 बजे शुरू होगा समारोह

# कर्म योद्धा सम्मान समारोह आज, प्रभारी मंत्री भदौरिया करेंगे 51 शख्सियतों को सम्मानित

## अध्यक्षता विधायक चेतन्य काश्यप करेंगे, प्रवीण सोनी, सुभाष जैन, रतन जांगिड़ होंगे विशेष अतिथि

भास्कर संवाददाता | रतलाम


ओपीएस भदौरिया


चेतन्य काश्यप


प्रवीण सोनी


सुभाष जैन


रतन जांगिड़

आपदा के समय समाज और आमजन की सेवा करने वाली जिले की शख्सियतों को दैनिक भास्कर कर्म योद्धा अवॉर्ड से रविवार को सम्मानित किया जाएगा। समारोह दोपहर 1.30 बजे से सागोद रोड स्थित जेएमडी पैलेस में होगा। मुख्य अतिथि नगरीय प्रशासन एवं आवास राज्यमंत्री तथा रतलाम जिला प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया होंगे। अध्यक्षता विधायक चेतन्य काश्यप करेंगे। विशेष अतिथि समाजसेवी व भाजपा नेता प्रवीण सोनी, वरिष्ठ समाजसेवी सुभाष जैन, हिंदुस्तान बॉयोडीजल के एमडी रतन जांगिड़ होंगे।

### नवीन बाल चिकित्सालय वार्ड का शुभारंभ करेंगे

नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री और जिला प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया रविवार सुबह 7.30 बजे यहां पहुंचेंगे। सुबह 11 बजे नवीन बाल चिकित्सालय वार्ड का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद चेतन्य काश्यप फाउंडेशन के मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह में शामिल होंगे। दोपहर 3 बजे न्यू आवासीय हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्वर्ण सागर आवासीय योजना बिबड़ौद में पौधरोपण करेंगे।

### इनका होगा सम्मान

- राजेश शुक्ला एसडीएम आलोट
- संयोगिता सिंह, शिक्षाविद
- अंजना पाटनवाला, प्राध्यापक
- अशोक पंचोली, अध्यक्ष मैजिक टेम्पो यूनियन
- राजीव देवदा, ग्राम प्रधान राजपुरा
- प्रदीप उपाध्याय, महामंत्री भाजपा
- मदन शर्मा समाजसेवी
- चरणेश कुंवर, ग्राम प्रधान लुनेरा
- जितेंद्र रांका, मोरवीनंदन श्याम सेवा परिवार
- सुरेश शर्मा, पूर्व मंडी सचिव
- मांगीलाल जैन, समाजसेवी
- प्रेमजी गरवाल, ग्राम प्रधान रानीसिंग
- राजकुमार जैन लाला, संरक्षक मैजिक टेम्पो यूनियन
- संतोष पाटीदार, सचिव ग्राम पंचायत सेजावता
- सुबेंद्रसिंह गुर्जर, अध्यक्ष रतलाम जिला बस एसोसिएशन
- शुभम गुर्जर, भाजपा जिला महामंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा
- सुनीता श्रीवास्तव, अध्यक्ष मुखर्जी महिला मंडल भाजपा
- सुरेंद्र सिंह भाटी, उपाध्यक्ष भाजपा दीनदयाल मंडल
- उपासना धाकसे, अधीक्षिका एकलव्य छात्रावास सैलाना
- आनंदीलाल राठौड़, अध्यक्ष धराड़ मंडल भाजपा
- अश्मय आशीष डागा
- अक्षय व्यास, युवा समाजसेवी
- अशोक शर्मा, सेवानिवृत्त सीएमओ
- जितेंद्र राठौड़, युवा समाजसेवी
- प्रफुल्ल डामोर, ग्राम प्रधान देथला
- साधना पाटीदार, ग्राम प्रधान बांगरोद
- सुरेशचंद्र भाटी, सेन समाजसेवी
- सुशील मूणत, समाजसेवी
- अभिषेक शर्मा, ग्राम प्रधान बड़ौदा
- आकाशीय गोपाल राठी, नृत्यांगना
- डॉ. रत्नदीप निगम, वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सक
- दीपेश ओझा, प्रदेश अध्यक्ष मप्र प्रांतीय अशासकीय शिक्षण संस्था संघ
- शिव चौहान, साहित्यकार एवं समाजसेवी
- सलीम आरिफ, समाजसेवी
- डॉ. अभय ओहरी, संचालक सैलाना कॉलेज ऑफ नर्सिंग
- वरुण पोरवाल, युवा उद्योगपति
- अनिताबाई डोडियार, ग्राम प्रधान गड़ावदिया
- अनामिका ओहरी, पटवारी
- पंकज राठौर, पटवारी
- नवीन शर्मा पटवारी
- रसूबाला गामड़, पटवारी
- चेताबाई, ग्राम प्रधान देवदा
- धर्मेंद्र डामर, ग्राम प्रधान कुण्डिया पाड़ा
- डॉ. दीपक पालड़िया, बीएमओ
- रामबाबू शर्मा, समाजसेवी
- कचरू राठौड़, समाजसेवी
- ओमप्रकाश बोरिया, जनप्रतिनिधि
- सविता मुनिया, ग्राम प्रधान शिवपुर
- राकेश पोरवाल, फोटो जर्नलिस्ट
- धर्मेंद्र मंडवारिया युवा समाजसेवी
- जीव मैत्री परिवार

दै.भास्कर 12/9/21

# बाल चिकित्सालय में अब 63 ऑक्सीजन बेड सुविधा है उपलब्ध

**रतलाम।** रतलाम का शासकीय बाल चिकित्सालय अब सुंदर स्वरूप में नजर आने लगा है। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर बाल चिकित्सालय में विभिन्न कार्य किए जाकर इसे सर्वसुविधायुक्त बनाया गया है। अब चिकित्सालय में बच्चों के लिए 63 ऑक्सीजन बेड की सुविधा उपलब्ध है जो पूर्व में मात्र 10 बेड की थी। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने गुरुवार प्रातः बाल चिकित्सालय का निरीक्षण किया। आवश्यकता अनुसार कई कार्यों के लिए दिशा-निर्देश डिप्टी कलेक्टर सुश्री शिराली जैन तथा सिविल सर्जन डॉ. चंदेलकर को दिए। इस दौरान निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे भी उपस्थित थे। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय के विभिन्न कक्षों में बेतरतीब तथा अनावश्यक फर्नीचर को हटाने के निर्देश दिए। चिकित्सालय में बिस्तरों पर मैट्रेस कवर लगाए जाएंगे, कई स्थानों पर पेंट करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि बाल चिकित्सालय में भी



ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करने की योजना पर कार्य किया जाएगा। बाल चिकित्सालय में कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा व्यक्तिगत रूचि लेते हुए आमूलचूल रूप से विकास कार्य करवाए जाकर नया स्वरूप दिया गया है। प्लान के मुताबिक चिकित्सालय के कार्यों को शीघ्र अति शीघ्र पूर्ण कराने के लिए कलेक्टर द्वारा डिप्टी कलेक्टर सुश्री शिराली जैन को तैनात किया गया जिनके द्वारा कार्यों की सतत मॉनिटरिंग की गई। बाल चिकित्सालय में पूरा ड्रेनेज सिस्टम नए सिरे से निर्मित किया गया है। पहले जहां मात्र 10 बेड ऑक्सीजन के थे वहीं अब इनकी संख्या बढ़कर 63 कर दी गई है। ऑक्सीजन के लिए सेंट्रल लाइन बिछाई गई है, छतों पर वाटर प्रूफिंग की गई है तथा नए बेड मुहैया कराए गए। बाल चिकित्सालय के गार्डन में पेवर ब्लॉक लगाए गए हैं। आईसीयू कक्ष में टाइल्स लगाई गई, डॉक्टर के रूम में भी टाइल्स लगाई गई। चारों ओर मच्छर जालिया भी लगाई गई। कुछ विंडो खराब हो गई थी उनके स्थान पर नई एल्युमिनियम विंडो बनाई गई। चिकित्सालय परिसर में फ्लोर पर भी कार्य किया गया जिसके तहत कोटा स्टोन स्क्रेपिंग की गई, नए चैनल गेट्स लगाए गए है। ग्राउंड फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर पर नए शेड वर्क किए गए, पूरे भवन में नए सिरे से इलेक्ट्रिफिकेशन किया गया है। सेनेटरी और प्लंबिंग वर्क भी पूरे भवन मे कराया गया। आवश्यकता अनुसार कारपेंटिंग वर्क भी किया गया। चिकित्सालय के आउट साइड मे एलिवेशन कार्य के साथ बाहरी गेट पर पेंटिंग तथा नई स्टील विंडो बनाई गई है। दीवारों पर टाइल्स लगाई गई है। समय जगत

समय जगत 12/9/21

## बाल अस्पताल, एमसीएच के बाहर से हटाया अतिक्रमण, शहर सराय में भी चली जेसीबी

रतलाम। अवैध अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई का दौर जारी है। शनिवार को नगर-निगम सहित पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने शहर सराय सहित बाल चिकित्सालय व एमसीएच के बाहर अवैध कब्जे करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश पर शनिवार सुबह कार्रवाई के दौरान टीम को बाल अस्पताल के समीप घुमक्कड़ प्रजाति की महिलाओं का आक्रोश सहना पड़ा। शहर सराय में सरकारी जमीन पर अवैध तबेला तोड़ने के दौरान भी गहमा-गहमी की स्थिति बनी रही। सुबह 11 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक चली कार्रवाई के दौरान 6 से अधिक अवैध कब्जों को मुक्त कराया गया। कार्रवाई के दौरान उपयंत्री मनीष तिवारी सहित अमला बड़ी संख्या में मौजूद था। बता दे कि गुरुवार को कलेक्टर कुमार पुरूषोतम ने बाल चिकित्सालय का निरीक्षण किया था। इस दौरान निगम अधिकारियों को अस्पताल के बाहर से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। बाल चिकित्सालय को नए स्वरूप में तैयार किया है। सोमवार से इसकी शुरुआत प्रभारी मंत्री की उपस्थिति में होना है। मालूम हो कि एमसीएच के बाहर अवैध रूप से गुमटियां व घुम्मड़ प्रजाति के लोगो ने घर तक बसा लिया था। अतिक्रमण के कारण अस्पताल भी नजर नही आता था। वहीं बाल चिकित्सालय के बाहर भी वाहन खड़े रहने के अलावा गुमटियां भी लगी थी। जिन्हें हटाया गया। प्रसारण

प्रसारण 12/9/21

# 15 सितम्बर को डेंगू के विरूद्ध विशेष अभियान चलेगा : शिवराजसिंह चौहान

**भोपाल ● एजेंसी**



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में 26 सितम्बर तक प्रथम डोज का शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन पूर्ण किया जाए। सभी पात्र व्यक्तियों के टीकाकरण के लिए वोटर लिस्ट को आधार बनाया जाए। गांव तथा वार्डों से जो व्यक्ति रोजगार के सिलसिले में बाहर गये हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि डेंगू से बचाव के उपायों की जानकारी जन-जन तक पहुँचाने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान स्वयं 15 सितम्बर को प्रात 10 से 10.30 बजे के बीच डेंगू के विरूद्ध इस अभियान में फॉगिंग, लारवा नष्ट करने, जल जमाव को खाली करने जैसी डेंगू से बचाव और नियंत्रण संबंधी गतिविधियों में भाग लेंगे।

सिंघम - 11/9/21

## रतलाम रोजगार मेले में 108 उम्मीदवारों का प्रारंभिक चयन

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में 10 सितम्बर को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में 117 आवेदनों का पंजीयन किया गया। मेले में 9 कंपनियां सम्मिलित हुई जिन्होंने 108 उम्मीदवारों का प्रारंभिक चयन किया। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्राचार्य यू.पी. अहिरवार ने बताया कि 10 सितम्बर को को सुजुकी मोटर्स प्रा. लिमि. गुजरात द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गए जिसमें 80 प्रतिभागी शामिल हुए इनमें से 65 प्रतिभागी कैंपस के लिए पात्र पाए गए जिसमें से 50 प्रतिभागियों को प्रारंभिक रूप से चयनित किया गया। अहिरवार ने बताया कि 14 सितम्बर को भड़ूच गुजरात द्वारा रतलाम में प्लेससमेंट ड्राइव का आयोजन होगा जिसमें 10वीं, 12 वीं उत्तीर्ण और एक वर्षीय आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे।

सिंघम - 11

सिंघम - 11/9/21

## रतलाम रोजगार मेले में 108 उम्मीदवारों का प्रारंभिक चयन

रतलाम। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में 10 सितम्बर को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में 117 आवेदनों का पंजीयन किया गया। मेले में 9 कंपनियां सम्मिलित हुई जिन्होंने 108 उम्मीदवारों का प्रारंभिक चयन किया। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्राचार्य श्री यू.पी. अहिरवार ने बताया कि 10 सितम्बर को को सुजुकी मोटर्स प्रा. लिमि. गुजरात द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया, जिसमे 80 प्रतिभागी शामिल हुए इनमें से 65 प्रतिभागी कैंपस के लिए पात्र पाए गए जिसमें से 50 प्रतिभागियों को प्रारंभिक रूप से चयनित किया गया। श्री अहिरवार ने बताया कि 14 सितम्बर को भड़ूच गुजरात द्वारा रतलाम में प्लेससमेंट ड्राइव का आयोजन होगा जिसमें 10वीं, 12 वीं उत्तीर्ण और एक वर्षीय आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे।

स्वतंत्र

स्वतंत्र [illegible] 12/9/21

## कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में निर्देश दिए कि शत प्रतिशत रूप से कोरोना का प्रथम डोज लगाने का काम शीघ्र पूर्ण करें रणनीति बदले एसडीएम अपने अधीनस्थ सभी विभागों के पूरे अमले को एक साथ लगाकर शीघ्र अति शीघ्र प्रथम डोज वैक्सीनेशन काम पूरा करें जावरा एसडीएम हिमांशु प्रजापति ने बताया कि जावरा शहर में सोमवार को बचे हुए 8 हजार वैक्सीन लगाकर शहर में शत-प्रतिशत प्रथम डोज का लक्ष्य पूर्ण कर लिया जाएगा कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने रविवार दोपहर राजस्व अधिकारियों की बैठक में विभिन्न राजस्व बिंदुओं पर दिए दिशा निर्देश।

स्वतंत्र

स्वतंत्र [illegible] 12/9/21

## 151 बेरोजगार आवेदको का मेले मे पंजीयन

रतलाम। आजादी का अमृत महोत्सव अतंर्गत दिनॉक 11 सितम्बर को जिला प्रशासन एवं म.प्र. डे.राज्य ग्रामिण आजीविका मिशन, जिला पंचायत रतलाम के द्वारा जनपद पचायत आलोट अंतर्गत में विकासखण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में रोजगार के लिये 151 बेरोजगार आवेदको का मेले मे पंजीयन कराया गया मेले में प्रदेश एवं जिले की 06 कम्पनियो ने विभिन्न पदो (सेल्स प्रतिनिधि, मशीन आपरेटर सुपरवाईजर, ट्रेनी, मशीन वर्कर, सेल्स मार्केटिंग, सिक्योरिटी गार्ड) आदि विभिन्न पद हेतु 123 आवेदको का प्रारंभिक चयन किया गया।

नवभारत 12/9/21

# भविष्य का रतलाम

सामने अब भविष्य की चुनौतियां है, अगले 10 साल में हम कहां होंगे, क्या उस वक्त शहर के संसाधन, सड़कें, जरूरतें, सुविधाएं साथ देगी...सवाल है, लेकिन जवाब भी हमें ही देना है, इसके लिए भविष्य के रतलाम की सोच को अपनाना होगा।



**प्रकृति का सौंदर्य, झाली तालाब...** शहर के श्री कालिका माता मंदिर उद्यान का प्राकृतिक सौंदर्य इन दिनों आकर्षण का केन्द्र बन हुआ है। बारिश के बाद उद्यान प्राकृतिक सौंदर्य से पटा है तो झाली तालाब का नया स्वरूप नजर आ रहा है। मान्यता के तहत झाली तालाब का एतिहासिक महत्व है। वहीं, श्री कालिका माता मंदिर परिसर भी भविष्य के रतलाम की सोच में शामिल है। यहां नगर निगम गुजरात के देवी धाम अंबाजी की तर्ज पर प्रोजेक्ट तैयार कर विकसित करने में जुटा है। इस कार्य की शुरूआत वर्ष 2022 से होने की संभावना है। जानकारों की माने तो यह प्रोजेक्ट 2024-25 तक पूर्ण हो जाएगा, इसका लाभ आने वाले वर्ष 2030 से पूर्ण रूप से शहर को पर्यटन क्षेत्र के बढ़ावे के तौर पर मिलेगा।

पत्रिका 12/9/21

## बाल अस्पताल, एमसीएच के बाहर से हटाया अतिक्रमण, शहर सराय में भी चली जेसीबी

रतलाम। अवैध अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई का दौर जारी है। शनिवार को नगर-निगम सहित पुलिस प्रशासन की सयुंक्त टीम ने शहर सराय सहित बाल चिकित्सालय व एमसीएच के बाहर अवैध कब्जे करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश पर शनिवार सुबह कार्रवाई के दौरान टीम को बाल अस्पताल के समीप घुमकड़ प्रजाति की महिलाओं का आक्रोश सहना पड़ा। शहर सराय में सरकारी जमीन पर अवैध तबेला तोड़ने के दौरान भी गहमा-गहमी की स्थिति बनी रही। सुबह 11 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक चली कार्रवाई के दौरान 6 से अधिक अवैध कब्जों को मुक्त कराया गया। कार्रवाई के दौरान उपयंत्री मनीष तिवारी सहित अमला बड़ी संख्या में मौजूद था।

बता दे कि गुरुवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बाल चिकित्सालय का निरीक्षण किया था। इस दौरान निगम अधिकारियों को अस्पताल के बाहर से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। बाल चिकित्सालय को नए स्वरूप में तैयार किया है। सोमवार से इसकी शुरुआत प्रभारी मंत्री की उपस्थिति में होना है।

मालूम हो कि एमसीएच के बाहर अवैध रूप से गुमटियां व घुम्मड़ प्रजाति के लोगो ने घर तक बसा लिया था। अतिक्रमण के कारण अस्पताल भी नजर नही आता था। वहीं बाल चिकित्सालय के बाहर भी वाहन खड़े रहने के अलावा गुमटियां भी लगी थी। जिन्हें हटाया गया।

इन्दौर समाचार 12/9/21

## नगर निगम ने बाल अस्पताल, एमसीएच के बाहर से हटाया अतिक्रमण

**रतलाम** । रतलाम में अवैध अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई का दौर जारी है। शनिवार को नगर-निगम सहित पुलिस प्रशासन की सयुंक्त टीम ने शहर सराय सहित बाल चिकित्सालय व एमसीएच के बाहर अवैध कब्जे करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश पर शनिवार सुबह कार्रवाई के दौरान टीम को बाल अस्पताल के समीप घुमक्कड़ प्रजाति की महिलाओं का आक्रोश सहना पड़ा। शहर सराय में सरकारी जमीन पर अवैध तबेला तोड़ने के दौरान भी गहमा-गहमी की स्थिति बनी रही। सुबह 11 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक चली कार्रवाई के दौरान 6 से अधिक अवैध कब्जों को मुक्त कराया गया। कार्रवाई के दौरान उपयंत्री मनीष तिवारी सहित अमला बड़ी संख्या में मौजूद था।

बता दे कि गुरुवार को कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम ने बाल चिकित्सालय का निरीक्षण किया था। इस दौरान निगम अधिकारियों को अस्पताल के बाहर से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। बाल चिकित्सालय को नए स्वरूप में तैयार किया है। सोमवार से इसकी शुरूआत प्रभारी मंत्री की उपस्थिति में होना है।

मालूम हो कि एमसीएच के बाहर अवैध रूप से गुमटियां व घुम्मड़ प्रजाति के लोगो ने घर तक बसा लिया था। अतिक्रमण के कारण अस्पताल भी नजर नही आता था। वहीं बाल चिकित्सालय के बाहर भी वाहन खड़े रहने के अलावा गुमटियां भी लगी थी, जिन्हें हटाया गया। नवभारत

नवभारत 12/9/21

## डेंगू नियंत्रण पर जन जागरूकता के लिए शहर में 1 लाख पंपलेट घर-घर बांटे जाएंगे

रतलाम। जिले में डेंगू नियंत्रण पर समीक्षा के लिए एक बैठक कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा शुक्रवार को आयोजित की गई। कलेक्टर ने कहा कि डेंगू नियंत्रण के लिए जनजागरूकता सबसे ज्यादा जरूरी है।

बैठक में मौजूद निगमायुक्त श्री सोमनाथ झारिया को निर्देश दिया कि डेंगू पर जनजागरूकता संबंधि जानकारी देने वाले एक लाख पेम्पलेट रतलाम शहर में घर-घर पहुंचाया जाए। घरों पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पेम्पलेट में अंकित जानकारी पढ़कर सुनाएंगी और वितरित करेंगी। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षीसिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे आदि उपस्थित थे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शहर में डेंगू नियंत्रण के लिए चार दलों का गठन किया जाए जिसमें नगर निगम के अलावा राजस्व तथा मलेरिया विभाग के कर्मचारी सम्मिलित रहेंगे। यह दल शहर में डेंगू नियंत्रण के लिए सतत कार्य करेंगे। जलजमाव हटाने, मच्छर नियंत्रण, फागिंग जैसे कार्य करवाने के साथ ही लोगों में जागरूकता भी लाएंगे। गठित दल केवल डेंगू नियंत्रण के लिए ही कार्य करेंगे, उनको अन्य किसी कार्य में नहीं लगाया जाएगा। प्रत्येक दल को वाहन उपलब्ध कराने के निर्देश भी निगमायुक्त को दिए गए।

12/9/21

## डेंगू से बचाव हेतु प्रत्येक झोन में एक-एक डबल बैरल फॉगिंग मषीन से कीटनाशक दवा का छिड़काव निरंतर जारी

रतलाम। कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नागरिकों को मच्छर जनित डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारी से बचाव हेतु नगर प्रत्येक झोन में एक-एक डबल बैरल फॉगिंग मशीन से कीटनाशक दवा का छिड़काव का कार्य निरंतर जारी है। निगम आयुक्त श्री झारिया ने इस अवसर पर बताया कि शहर में बढ़ रहे डेंगू व मलेरिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों पर नियंत्रण हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार फॉगिंग मशीन प्रत्येक झोन में एक-एक डबल बैरल फॉगिंग मशीन से नगरनिगम व मलेरिया विभाग द्वारा रूट चार्ट अनुसार सुबह 5:30 से 8 बजे तक व शाम को 6 से रात 10 बजे तक किया जा रहा है साथ ही प्रत्येक वार्ड में एक-एक हैण्ड से मशीन से भी कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है।

इन्दौर
इन्दौर समाचार 12/9/21

## किल कोरोना की तरह किल डेंगू अभियान में जुट जाओं

### मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद निगमायुक्त ने ली अमले की बैठक, कहा-घर-घर किया जाए सर्वे, पानी कहीं भी एकत्रित ना हो



रतलाम। **डेंगू की रोकथाम हेतु मुख्यमंत्री द्वारा विडियो कान्फ्रेंस में दिये निर्देश के तहत त्वरित कार्यवाही किये जाने हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.प्रमोद प्रजापति के साथ निगम अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, झोन प्रभारी व वार्ड प्रभारियों की बैठक लेकर डेंगू के प्रति नागरिकों को जागरूक किये जाने तथा डेंगू के लार्वा को नष्ट किये जाने हेतु घर-घर सर्वे किये जाने के निर्देश दिये।**

निगम आयुक्त श्री झारिया ने आयोजित बैठक में बताया कि डेंगू के मरीजों की संख्या में दिन प्रतिदिन इजाफा हो रहा है, जिस प्रकार किल कोरोना अभियान के तहत कोरोना पर काबू पाया था ठीक इसी प्रकार से हमें किल डेंगू अभियान चलाकर डेंगू पर काबू पाना है। उन्होंने निगम के स्वास्थ्य अधिकारी, झोन प्रभारी व वार्ड प्रभारियों को निर्देशित किया कि डेंगू के प्रति नागरिकों को जागरूक किये जाने के साथ ही घर-घर जाकर सर्वे किया जाये व लार्वा पाया जाने पर संबंधितों पर जुर्माने की कार्यवाही के साथ ही मलेरिया विभाग से संपर्क कर लार्वा को नष्ट किये जाने की कार्यवाही की जाये।

आयोजित बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि डेंगू का लार्वा साफ रूके हुए पानी में पनपता है इस हेतु कहीं भी 5 दिन से अधिक समय का पानी रूका हुआ नहीं होना चाहिये यदि कहीं पानी रूका है तो उसमें जला हुआ आईल डाला जाये जिससे डेंगू के लार्वा नष्ट हो सकें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि घरो-दुकानों में कहीं भी मटके, ड्रम, टायर, टब इत्यादि में पानी एकत्रित ना हो इसका सर्वे किया जाये। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.प्रमोद प्रजापति ने इस अवसर पर बताया कि डेंगू एडिस मच्छर के काटने से होता है व साफ रूके हुए पानी में पनपता है इस हेतु किसी भी स्थान या वस्तु में साफ रूका हुआ पानी ना हो इसकी सुनिश्चितता की जाये तभी डेंगू पर काबू पाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि डेंगू का मच्छर 400 मीटर के दायरे में डेंगू की बीमारी फैला सकता है यह मच्छर दिन के समय काटता है। इस अवसर पर उन्होंने डेंगू बीमारी के लक्षण, डेंगू की रोकथाम इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी से अवगत कराया।

नगर निगम व मलेरिया विभाग द्वारा नागरिकों से अपील की जाती है कि वे मच्छर जनित डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाव हेतु अपने आसपास, गड्ढो में पानी एकत्रित ना होने दें साथ ही कूलर का पानी नियमित रूप से बदले, पानी की टंकियों को खुली ना छोड़ें, खुले मटके, ड्रम, टायर इत्यादि में पानी एकत्रित ना होने दें इसके अलावा अपने घरों से निकलने वाले कचरे को यहां-वहां, नाले-नालियों में न डालते हुए निगम के कचरा संग्रहण वाहन में ही डालें साथ ही अपने आसपास जल भराव की स्थिति पैदा न होने दें तभी हमारा शहर साफ-स्वच्छ व सुन्दर होने के साथ डेंगू तथा मलेरिया जैसी बीमारियों से मुक्त रह सकेगा।

11/9/21

# बकाया के रूप में संपत्तिकर 28 लाख व जलकर 6 लाख जमा हुए

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व राज्य शासन के निर्देशानुसार संपत्तिकर व जलकर के बकायादारों को अधिभार (सरचार्ज) में छूट देने हेतु 11 सितम्बर शनिवार को एक दिवसीय नेशनल लोक अदालत में नागरिकों ने संपत्तिकर एवं जलकर की बकाया राशि जमा कराकर दी जा रही अधिभार (सरचार्ज) राशि में छूट का लाभ लिया। आज नेशनल लोक अदालत के तहत जिला न्यायालय व फायर ब्रिगेड भवन नगर निगम कार्यालय में बकायादारों ने 190 प्रकरणों के तहत संपत्तिकर के 28 लाख रुपये तथा 98 प्रकरणों के तहत जलप्रदाय के 6 लाख 1 हजार रुपये कुल राशि 28 लाख 1 हजार रुपये जमा कराकर अधिभार (सरचार्ज) की राशि में छूट का लाभ लिया।

प्रसारण

प्रसारण 12/9/21

# नो पार्किंग में खड़े 10 वाहनों को जब्त कर वसूला जुर्माना

**रतलाम।** नगर में ऐसे नागरिक जो कि अपने वाहनों को नो पार्किंग में खड़ा कर यातायात व्यवस्था को बाधित करते है, उनके वाहन जब्त कर जुर्माना वसूलने की कार्यवाही निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार चलाई जा रही है जिसके तहत 10 सितम्बर को नो पार्किंग में खड़े 10 वाहनों को नगर निगम की क्रेन से जब्त कर संबधितों से जुर्माना वसूला गया। निगम आयुक्त झारिया के निर्देशानुसार 10 सितम्बर शुक्रवार को राम मंदिर व चांदनी चौक क्षेत्र में नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने पर अर्जुन-गोपाल यादव, यशवंत-गोपाल पांचाल, अक्षत-महेश राठौर, छबीनाथ-गंगाराम, नवीन-अखिलेश अग्रवाल, राकेश-रतनलाल, अलिशा-अग्यार, मिसेस राव-मंजले राव, रामहित-धन्नालाल प्रजापति व पवन-राजकुमार यादव पर 200-200 रूपये का जुर्माना किया गया। प्रसारण

प्रसारण 12/9/21

# नो पार्किंग में खड़े 10 वाहनों को जब्त कर वसूला जुर्माना

रतलाम। नगर में ऐसे नागरिक जो कि अपने वाहनों को नो पार्किंग में खड़ा कर यातायात व्यवस्था को बाधित करते है, उनके वाहन जब्त कर जुर्माना वसूलने की कार्यवाही निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार चलाई जा रही है जिसके तहत 10 सितम्बर को नो पार्किंग में खड़े 10 वाहनों को नगर निगम की क्रेन से जब्त कर संबधितों से जुर्माना वसूला गया। निगम आयुक्त झारिया के निर्देशानुसार 10 सितम्बर शुक्रवार को राम मंदिर व चांदनी चौक क्षेत्र में नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने पर अर्जुन-गोपाल यादव, यशवंत-गोपाल पांचाल, अक्षत-महेश राठौर, छबीनाथ-गंगाराम, नवीन-अखिलेश अग्रवाल, राकेश-रतनलाल, अलिशा-अग्यार, मिसेस राव-मंजले राव, रामहित-धन्नालाल प्रजापति व पवन-राजकुमार यादव पर 200-200 रूपये का जुर्माना किया गया। इन्दौर

इन्दौर समाचार 12/9/21

# नो पार्किंग में खड़े 10 वाहनों को जब्त कर वसूला जुर्माना

रतलाम ● नगर में ऐसे नागरिक जो कि अपने वाहनों को नो पार्किंग में खड़ा कर यातायात व्यवस्था को बाधित करते है, उनके वाहन जब्त कर जुर्माना वसूलने की कार्रवाई के तहत 10 सितम्बर को नो पार्किंग में खड़े 10 वाहनों को नगर निगम की क्रेन से जब्त कर संबंधितों से जुर्माना वसूला गया। राम मंदिर व चांदनी चौक क्षेत्र में नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने पर अर्जुन गोपाल यादव, यशवंत गोपाल पांचाल, अक्षत महेश राठौर, छबीनाथ गंगाराम, नवीन अखिलेश अग्रवाल, राकेश रतनलाल, अलिशा अग्यार, मिसेस राव मंजले राव, रामहित धन्नालाल प्रजापति व पवन राजकुमार यादव पर 200-200 रुपए का जुर्माना किया गया।

स्वदेश

# रचना हाउसिंग कॉलोनी को निर्देश

रतलाम ● भक्तन की बावड़ी महू रोड बस स्टैंड के पास रचना हाउसिंग कॉलोनी में कॉलोनाईजर द्वारा पूर्ण किए गए शेष विकास कार्यों का प्राकलन 15 सितम्बर तक प्रस्तुत किए जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने संबंधितों को निर्देशित किया है।

स्वदेश 12/9/21